▪ कार्तिक कृष्ण - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 102 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 05-11-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस सट्टेबाजों के अवैध धन का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए कर रही

6 मेजर मुस्तफा बोहरा: आखिरी लम्हों में भी आम लोगों की ज़िंदगी बचाने की करते रहे फिक्र

7 सलमान खान अभिनीत फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आएंगे ऋतिक



# पांच साल और मिलेगा अस्सी करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में विजय संकल्प महारैली में घोषणा की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुर्ग/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घोषणा की कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली गरीब कल्याण योजना अगले पांच साल के लिए बढ़ायी जाएगी।

मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग संभाग के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। रैली में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सरोज पांडेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव सहित अनेक नेता शामिल हुए।

केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री भारतीय रिपब्लिकन पार्टी (आठवले) के नेता रामदास आठवले भी उपस्थित थे और उन्होंने सभी 90 विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का ऐलान किया।



**▪ कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है : मोदी**

प्रधानमंत्री ने रैली में आए विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कड़े प्रहार किए और कहा, पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है कि तीस टका टक्का, आपका काम पक्का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता अब 30 टका सरकार से छुटकारा पाना चाहती है और वह कह रही है कि – और नहीं सहिबो, बदल के रहिबो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और लूट में मुख्यमंत्री ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा और सट्टे और जुए से युवाओं को लूटकर कांग्रेस के नेताओं के घर भर दिए। उन्होंने कहा कि पैसा पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री बौखला गये हैं और कांग्रेस के नेता संदेश दे रहे हैं कि हम भी पैसे रखवा कर पुलिस भेज देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग धमकी दे रहे हैं। पर जनता सब कुछ जानती है।

मोदी ने रैली में पिछड़ा वर्ग का कार्ड भी खेला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक 'ओबीसी' प्रधानमंत्री को सुबह शाम पानी पी पी कर गाली दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के साथ साथ कांग्रेस पूरे ओबीसी साहू समाज को गाली दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का ओबीसी समाज कांग्रेस को माफ नहीं करेगा।



# नेपाल के पर्वतीय क्षेत्र में आया भूकंप 143 की मौत, 150 से अधिक घायल

**▪ यह नेपाल में 2015 के बाद से सबसे विनाशकारी भूकंप है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू/भाषा। नेपाल में शुक्रवार रात आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के कारण देश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में कम से कम 143 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हैं, जबकि सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नेपाल में 2015 के बाद से सबसे विनाशकारी भूकंप है।

राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया, जिसका केंद्र जाजरकोट जिले में था। यह स्थान राजधानी काठमांडू से करीब 500 किलोमीटर पश्चिम में है। नेपाल में 2015 में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में लगभग 9,000 लोगों की मौत हो गई थी और 22,000 से अधिक लोग घायल हुए थे।

भूकंप के झटके काठमांडू और इसके आसपास के जिलों में, और यहां तक कि पड़ोसी देश भारत की राजधानी नई दिल्ली तक महसूस किए गए।

### हर संभव मदद के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप के कारण हुए जान–माल के नुकसान पर शनिवार को दुख व्यक्त किया और कहा कि भारत अपने पड़ोसी देश के साथ एकजुटता से खड़ा है और उसे हर संभव मुहैया कराने के लिए तैयार है।

## फर्स्ट टेक

### कुप्यांस्क में यूक्रेन के 125 सैनिकों मारे गए

**मॉस्को/वार्ता।** रूस के सशस्त्र बलों ने कुप्यांस्क में यूक्रेनी सैनिकों और अस्थायी तौर पर तैनात जवानों पर हमला किया जिसमें 125 यूक्रनी सैन्य जवान मारे गए हैं। पश्चिमी समूह के प्रवक्ता सर्गेई ज्यबिंस्की के हवाले से स्पूतनिक को यह जानकारी मिली है। सर्गेई ज्यबिंस्की ने कहा, दुश्मनों ने अपने 125 सैनिकों और दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों को खो दिया। उन्होंने कहा कि रूसी हवाई हमलों से अन्य सैन्य उपकरण और हथियार के साथ ही एक रडार स्टेशन भी प्रभावित हुआ है।

### कोच्चि में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में नौसैनिक की मौत

**कोच्चि/नई दिल्ली/भाषा।** कोच्चि में भारतीय नौसेना के एक अड्डे पर शनिवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक नौसैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि नौसेना की दक्षिणी कमान के आईएनएस गरुड़ के रनवे पर हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें योगेन्द्र सिंह की मौत हो गई। योगेंद्र मध्य प्रदेश के निवासी थे। नौसेना ने संक्षिप्त बयान में कहा, आईएनएस गरुड़, कोच्चि में रखरखाव जांच के दौरान आज एक चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक नौसेना कर्मी की मृत्यु हो गई। बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए 'बोर्ड ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया गया है। नौसेना ने कहा कि नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार और भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों ने योगेन्द्र सिंह की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को उनके आवास से गिरफ्तार किया गया

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी को शनिवार को यहां उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया और ''अज्ञात स्थान'' पर ले जाया गया। मीडिया की खबरों से यह जानकारी मिली। 'डॉन' अखबार ने फवाद चौधरी की पत्नी हिबा फवाद चौधरी के हवाले से बताया, ''वर्तमान में इस्तेहकाम–ए–पाकिस्तान पार्टी के सदस्य चौधरी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया।'' फवाद इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ से जुड़े थे। हिबा ने 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर पोस्ट किया, ''फवाद को गिरफ्तार कर लिया गया और अज्ञात स्थान पर ले जाया गया।'' 'जियो न्यूज' ने हिबा के हवाले से कहा कि उनके पति को पुलिस और सादे कपड़ों में आए लोगों ने गिरफ्तार किया और ''हमें यह नहीं बताया गया है कि फवाद को क्यों गिरफ्तार किया गया।''

# नापाक हरकत करने वालों को सीमा के इस पार और उस पार भी खत्म कर सकता है भारत : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



भोपाल/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है तो भारत उसे सीमा के इस पार और जरूरत पड़ने पर उस पार भी खत्म कर सकता है।

सिंह भिंड जिले की गोहद विधानसभा सीट के अंतर्गत खनेता गांव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार लाल सिंह आर्य के लिए प्रचार करते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि भारत का गौरव पूरे विश्व में बढ़ रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में विदेशों में लोग कहते थे कि भारत कमजोर देश है। दुनिया हमारी बातों को बहुत गंभीरता से नहीं लेती थी उन्होंने कहा कि अब स्थिति बदल गई है और अगर भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुछ कहता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है उन्होंने कहा कि अब आपका भारत कोई कमजोर देश नहीं है। दुनिया की कोई भी ताकत भारत को धमकी देने की हिम्मत नहीं कर सकती।

सिंह ने कहा, ''अगर कोई किसी नापाक हरकत को अंजाम देने की कोशिश करता है तो भारत उन्हें सीमा के इस तरफ खत्म कर सकता है और जरूरत पड़ने पर सीमा के दूसरी तरफ भी उन पर हमला कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि भिंड जिले में हर पांच परिवार में से एक व्यक्ति सेना में है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे परिवारों का अभिनंदन करना चाहते हैं।

रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश पहले बीमारू राज्य था लेकिन देश के लोग अब कह रहे हैं कि अगर विकास देखना है तो मध्य प्रदेश जाना होगा। उन्होंने कहा, ''यह देश का सबसे स्वच्छ राज्य है।''

### नजरें अगले मैच पर

**कोलकाता/भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के लीग मैच को 'फाइनल की ड्रेस रिहर्सल' करार देने से इनकार करते हुए भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने शनिवार को कहा कि वह इतने आगे की नहीं सोच रहे और अहमदाबाद में फाइनल से पहले भी टीम को तीन मैच खेलने हैं । लीग चरण में अपराजेय भारतीय टीम ने अभी तक सभी सात मैच जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका सात में से छह मैच जीतकर दूसरे स्थान पर है । मौजूदा फॉर्म के आधार पर दोनों को अहमदाबाद में 19 नवंबर को होने वाले फाइनल का प्रबल दावेदार माना जा रहा है । द्रविड़ ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हमारी टीम ने सात मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है और अब सामना ऐसी टीम से है जो बहुत अच्छा खेल रही है ।



### मुकेश अंबानी को धमकी भरा ई-मेल मामलें में दो गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी को धमकी भरे ई–मेल भेजे जाने की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने शनिवार को तेलंगाना और गुजरात से दो युवकों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पिछले आठ दिन में अंबानी की कंपनी की आधिकारिक ई–मेल आईडी पर कम से कम तीन ई–मेल भेजे गए, जिनमें भुगतान नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

अधिकारी ने कहा कि दो युवकों में से एक की पहचान गणेश रमेश वनरापति (19) के रूप में हुई है, जिसे मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने तेलंगाना के वारंगल से पकड़ा। दूसरे व्यक्ति को गुजरात से पकड़ा गया, जिसकी पहचान शादाब खान (21) के रूप में हुई है।

प्रथमदृष्टया, वनरापति और खान धमकी भरे ई–मेल भेजने के लिए दो अलग–अलग ई–मेल आईडी का इस्तेमाल कर रहे थे।

अंबानी के कार्यालय को 27 अक्टूबर को एक ई–मेल प्राप्त हुआ जिसमें प्रेषक ने 20 करोड़ रुपये की मांग करते हुए कहा, ''यदि आप (अंबानी) हमें 20 करोड़ रुपये नहीं देंगे, तो हम आपको मार देंगे, हमारे पास भारत के सबसे अच्छे शूटर हैं।''

### स्वागत



असम के पशुपालन और पशु चिकित्सा मंत्री अतुल बोरा, पर्यावरण और वन मंत्री चंद्र मोहन पटोवारी ने शनिवार को गोलाघाट जिले के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के आगमन पर उनका स्वागत किया।

# फैसले में खामी दूर करने को विधायिका कानून बना सकती है, पर इसे खारिज नहीं कर सकती : प्रधान न्यायाधीश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्यायिक आदेश की खामी दूर करने के लिए विधायिका नया कानून लागू करने के विकल्प का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन उसे प्रत्यक्ष रूप से खारिज नहीं कर सकती है।



न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां 'हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट' में कहा कि सरकार के विभिन्न अंगों के उलट न्यायाधीश इस पर गौर नहीं करते हैं कि जब वे मुकदमों का फैसला करेंगे तो समाज कैसी प्रतिक्रिया देगा उन्होंने कहा, ''अदालत का फैसला आने पर विधायिका क्या कर सकती है और क्या नहीं, इसके लिए विभाजनकारी रेखा है। अगर किसी विशेष मुद्दे पर फैसला दिया जाता है और इसमें कानून में खामी का जिक्र किया जाता है तो विधायिका उस खामी को दूर करने के लिए नया कानून लागू कर सकती है।''

सीजेआई ने कहा, ''विधायिका यह नहीं कह सकती कि हमें लगता है कि फैसला गलत है और इसलिए हम फैसले को खारिज करते हैं। विधायिका किसी भी अदालत के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती है।'' उन्होंने यह भी कहा कि न्यायाधीश मुकदमों का फैसला करते समय संवैधानिक नैतिकता का अनुसरण करते हैं न कि सार्वजनिक नैतिकता का उन्होंने कहा, ''तथ्य यह है कि न्यायाधीश निर्वाचित नहीं होते हैं, (और) यह हमारी कमी नहीं, बल्कि हमारी ताकत है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि भारत का सर्वोच्च न्यायालय जनता की अदालत है, जिसका उद्देश्य लोगों की शिकायतों को समझना है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 05-11-2023 5:41 बजे | सूर्योदय 06-11-2023 6:04 बजे |
| BSE 64,363.78 (+282.88) | NSE 19,230.60 (+97.35) |
| सोना 6,375 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 78,200 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**बागी निर्दलीय**

दल से च्युत हो कर निर्दलीय,
फैंके दावेदारी पत्ता।
निकली हो जैसे नगर वधू,
तज कर गृह लज्जा का लत्ता।
कर जोड़ तोड़ मूंछें मरोड़,
चाहे वे बस कुर्सी–सत्ता।
भीतर रहते भयभीत बहुत,
वोटर ना दे देवे खत्ता।।

# अमेरिकी दबाव के आगे झुकने को तैयार नहीं इजराइल, बंधकों की रिहाई की शर्त रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**▪ पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा इजराइल**

तेल अवीव, चार नवंबर (एपी) इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में और मदद की आपूर्ति संभव बनाने और आम नागरिकों की रक्षा करने के लिए युद्ध को ''मानवीय आधार पर कुछ देर रोकने'' को लेकर बढ़ते अमेरिकी दबाव के आगे झुकने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और जोर देकर कहा कि जब तक हमास करीब 240 बंधकों को आजाद नहीं कर देता, तब तक कोई अस्थायी संघर्ष विराम नहीं होगा।

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन युद्ध शुरू होने के बाद तीसरी बार इजराइल गए। उन्होंने दक्षिणी इजराइल में सात अक्टूबर को हमास द्वारा किए गए नृशंस हमले के बाद उसे कुचलने की इजराइल की मुहिम के प्रति अपना समर्थन दोहराया।

उन्होंने गहराते मानवीय संकट से निपटने के लिए युद्ध कुछ देर के लिए रोकने के अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के आह्वान को भी दोहराया। इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के कारण फलस्तीन में बढ़ती मृतक संख्या और गहराते मानवीय संकट को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

अस्पतालों का कहना है कि इजराइली घेराबंदी के कारण दवाओं और ईंधन की कमी के चलते उनकी व्यवस्था ढहने के कगार पर है।

संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को बताया कि गाजा के करीब 15 लाख लोगों या 70 प्रतिशत आबादी को अपने घर छोड़कर भागना पड़ा है।

फिलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के गाजा निदेशक थॉमस व्हाइट ने कहा कि गाजा में औसत व्यक्ति इस समय प्रतिदिन दो ब्रेड पर जी रहा है, जिनमें से अधिकतर संयुक्त राष्ट्र के भंडार में मौजूद आटे से बने हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल की मांग भी बढ़ रही है।

नेतन्याहू से बातचीत के बाद ब्लिंकन ने कहा कि मदद पहुंचने की गति बढ़ाने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने में मदद के लिए युद्ध को कुछ देर रोकने की आवश्यकता है। हमास ने करीब एक महीने पहले इजराइल पर किए हमलों के दौरान लोगों को बंधक बना लिया था।


नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने ब्लिंकन को बताया है कि जब तक बंधकों को रिहा नहीं किया जाता, इजराइल ''पूरी ताकत से आगे बढ़ेगा।''

### इजराइली हमले में हमास के निर्वासित नेता का घर ध्वस्त

**राफाह (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइली सेना ने शनिवार को हवाई हमले में गाजा शहर के बाहरी इलाके में स्थित हमास के निर्वासित नेता इस्माइल हनियेह के घर को निशाना बनाया। वहीं, इजराइल की घेराबंदी की वजह से गाजा में मानवीय संकट दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है। खाना, पेयजल और अस्पतालों में इस्तेमाल किए जाने वाले जेनरेटर के ईंधन की कमी होती जा रही है, जिसके मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने तत्काल संघर्ष विराम करने और राहत पहुंचाने की अपील की है। गुतारेस ने शुक्रवार देर रात असमान्य रूप से व्यथित बयान में कहा, ''गाजा में मानवीय संकट भयानक होती जा रही है। पूरी आबादी सदमें है और कोई स्थान सुरक्षित नहीं है।''

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार से ही इस क्षेत्र में हैं और युद्ध में फंसे आम लोगों की पीड़ा कम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के राजनयिकों के साथ बैठक की। उनका यह मिशन इजराइल के हठ की वजह से जटिल हो गया है, क्योंकि तेल अवीव ने साफ कर दिया है कि जबतक हमास सभी बंधकों को रिहा नहीं कर देता तबतक संघर्ष विराम नहीं किया जाएगा।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न:** गुरुजी, आपकी दी गई सैद्धांतिक परिभाषा कि गुरु वह है जो सनातन या सर्वव्यापी है, मुझे पूर्णत: मान्य है। लेकिन मैं तो उसे मनुष्य के रूप में पाना चाहता हूँ इसलिए कृपया ये बताएँ कि गुरु की व्यक्ति रूप में व्यवहारिक परिभाषा क्या है ? जिससे मैं पहचान सकूँ कि मेरे गुरु कौन हैं? क्योंकि आपने ये भी कहा है कि कोई व्यक्ति गुरु नहीं होता सिवाय उस व्यक्ति के जिस व्यक्ति में जिसे गुरु दिख जाए।

**उत्तर:** महाराज, मेरी दृष्टि में आपने कोई अपराध तो किया ही नहीं। फिर भी आप दान में क्षमा चाहते हैं तो ले लीजिए ये क्षमा नामक पूँजी भी आपकी हुई, आप मेरी दी गई परिभाषाओं को सैद्धांतिक कहें या व्यवहारिक, अपनी दृष्टि में वे दोनों एक ही हैं।गुरु की सैद्धांतिक परिभाषा की तरह ही उनकी व्यवहारिक परिभाषा का क्या कोई अंत है? नहीं है। व्यक्ति रूप में जिस व्यक्ति से मिलकर एक भी उस व्यक्ति की जोकि, खुले मन मस्तिष्क से चाहे किसी भी भावना से जिज्ञासु होकर आया हो, उसकी अंतर आत्मा असंतुष्ट न रहने पाए, उसे प्रसन्नता, शांति, संतुष्टि पूर्णता, की अनुभूति हो ऐसे ही व्यक्ति में हमारे गुरु दर्शन की पूर्ण संभावना है। आप अपने जीवन में प्रयोग करके देखिए कदाचित् यह परिभाषा आपके कुछ काम आ जाए, तब उसे व्यवहार बना लीजिए अन्यथा सिद्धांत समझ कर छोड़ दीजिए। जीवन में परम् प्राप्ति हेतु किसी न किसी 'एक', 'दूसरे' पर भरोसा तो हरेक साधक को करना ही होता है अन्यथा सत्य का सत्यापन कैसे संभव होगा। पर किसी दूसरे पर भरोसा हम तभी कर पाते हैं जब स्वयं भरोसे से पूरे भरे हुए हों। पर यह 'दूसरा' कौन हो यह कोई दूसरा हम से नहीं कहता। यह गुरु शिष्य परम्परा के व्यवहार की मर्यादा है। यह 'दूसरा' चुनना सनातन हर 'एक' का व्यक्तिगत, स्वतंत्र, स्वैच्छिक चुनाव होता है तभी वह संबंध सफल सार्थक और पारमार्थिक बना रह पाता है और ऐसा 'हर' एक जीवन मुक्त हो पाता है।

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में, न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को सुबह वायु गुणवत्ता ''गंभीर'' श्रेणी में दर्ज की गई जबकि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 407 पर रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज और शादीपुर में एक्यूआई 453 दर्ज किया गया। आनंद विहार में 448, वजीरपुर में 442, पंजाबी बाग में 435, बवाना में 434, ओखला में 432 और आर के पुरम में 431 एक्यूआई दर्ज किया गया।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अन्य हिस्सों में वायु गुणवत्ता दिल्ली जैसी रही। गाजियाबाद में एक्यूआई 377, ग्रेटर नोएडा में 490, फरीदाबाद में 449 और गुरुग्राम में 392 दर्ज किया गया।

एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज हल्की धुंध का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 88 फीसदी दर्ज की गई।



# मराठा के कुनबी रिकॉर्ड का पता लगाने वाला अभियान पूरे महाराष्ट्र में चलाया जाएगा : मुख्यमंत्री शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि मराठा के कुनबी पूर्वजों के रिकॉर्ड (दस्तावेज) का पता लगाने वाला अभियान पूरे राज्य में चलाया जाएगा। हाल में यह अभियान मराठवाड़ा क्षेत्र में चलाया गया था।

शिंदे ने शुक्रवार को मुंबई में एक बैठक के दौरान सभी मंडलीय आयुक्तों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान पर मिशन के तहत काम किया जाना चाहिए। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे मनोज जरांगे ने नौ दिनों बाद अपनी भूख हड़ताल खत्म की। जरांगे का अनशन तोड़ने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिया। जरांगे ने दो महीनों के भीतर मराठा आरक्षण पर कोई निर्णय नहीं होने पर मुंबई तक एक विशाल जुलूस निकालने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने बैठक के बाद कहा, ''कुनबी से जुड़े रिकॉर्ड का पता लगाने के लिए मराठवाड़ा क्षेत्र में जो अभियान चलाया गया था, उसे अब पूरे राज्य में चलाया जाएगा।''

उन्होंने कहा कि न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति पूरे राज्य में इसपर काम करेगी उन्होंने कहा कि इस कार्य की निगरानी के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव स्तर के एक अधिकारी को भी नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदेश भर के मंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए।

# जम्मू कश्मीर पुलिस ने डार के हत्यारों को सजा दिलाने का संकल्प लिया: डीजीपी स्वैन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आर. आर. स्वैन ने शनिवार को कहा कि बारामूला जिले में एक पुलिसकर्मी की लक्षित हत्या की जांच में पुलिस को सुराग मिले हैं और इसने हत्यारों एवं उनके समर्थकों को सजा दिलाने का संकल्प लिया है। पुलिस प्रमुख, उत्तरी कश्मीर जिले के वैलू क्रालपोरा में मारे गए हेड कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद डार के आवास पर भी गए। इस दौरान उनके साथ कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार भी मौजूद रहे।

डार की 31 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी उन्होंने मृतक पुलिसकर्मी के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि पुलिस ने अपराधियों को सजा दिलाने का संकल्प लिया है। पुलिस महानिदेशक स्वैन ने कहा, 'हमने अपने पुलिस परिवार के एक सदस्य को खोया है, जो एक अच्छा व्यक्ति, पिता, भाई और कश्मीर का निवासी था। एडीजीपी, पुलिस महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थाना प्रभारी समेत सभी अधिकारियों ने संकल्प लिया है कि वे मामले की तह तक जाएंगे और हत्यारों एवं उनके समर्थकों का पता लगाकर सजा दिलाएंगे।' उन्होंने कहा कि जांच जारी है, लेकिन अभी इससे जुड़ी जानकारी साझा नहीं की जा सकती है।

# 'मादक द्रव्य मामले से संबंधित महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारियों को बर्खास्त किया जाएगा'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि मादक पदार्थों से संबंध रखने वाले राज्य पुलिस कर्मियों को न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि सेवा से बर्खास्त भी किया जाएगा। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, फडणवीस ने कहा कि मादक द्रव्यों के निर्माण और तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति पर कठोर कानूनों के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

फडणवीस ने कहा, इसमें शामिल लोगों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, लेकिन जो पुलिस अधिकारी (मादक द्रव्य के कारोबार में) शामिल पाए जाएंगे, उन्हें न केवल निलंबित किया जाएगा बल्कि (संविधान के अनुच्छेद) 311 के तहत बर्खास्त भी किया जाएगा।

संविधान का अनुच्छेद 311 केंद्र या राज्य के अधीन नागरिक क्षमताओं में कार्यरत व्यक्तियों की बर्खास्तगी, निष्कासन या पद में कमी से संबंधित है उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस ने महाराष्ट्र को नशा मुक्त बनाने के लिए एक अभियान चलाया है और हर जिले में छापेमारी की जा रही है उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर काम हो रहा है और मादक पदार्थों के कारोबार में शामिल गिरोहों की अंतरराज्यीय गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, राज्य पुलिस ने सैकड़ों करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है।

# क्रिप्टोकरंसी धोखाधड़ी की करीब 300 शिकायतें मिली हैं, किसी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा : अग्निहोत्री



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को कहा कि करोड़ों रुपये के क्रिप्टोकरंसी पोंजी घोटाले को लेकर पूरे राज्य से करीब 300 शिकायतें मिली हैं उन्होंने यह टिप्पणी राज्य में 2018 से कथित तौर पर शुरू धोखाधड़ी के संदर्भ में की।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, कम समय में उच्च लाभांश देने का वादा कर लोगों से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा के लिए शुक्रवार को अग्निहोत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई। अग्निहोत्री ने कहा कि लोगों को पोंजी योजना या क्रिप्टोकरंसी धोखाधड़ी जैसी जालजासी में फंसने से बचना चाहिए।

शनिवार को जारी बयान के मुताबिक, अग्निहोत्री ने कहा, ''मैं देख रहा हूं कि क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के सरगना द्वारा लोगों को धोखा देने के संबंध में राज्य के विभिन्न जिलों से शिकायतें आ रही हैं।'' उन्होंने बताया कि पुलिस को अबतक 300 से अधिक शिकायतें मिली हैं।

अग्निहोत्री ने बताया कि मामले में अबतक मंडी से 10 और ऊना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि मंडी जिले के सरकाघाट निवासी सरगना सुभाष शर्मा फरार है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने कोनैपल्ली के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदाराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने शनिवार को सिद्दिपेट जिले के कोनैपल्ली में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल करने से पहले पूजा की।

राव के परिचित एक ग्रामीण ने बताया कि राव के लिए यह चुनाव से पहले एक तरह की परंपरा जिसका वह पिछले चार दशकों से पालन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि राव जब भी चुनाव लड़ते हैं तो उससे पहले नामांकन पत्र को मंदिर के गर्भगृह में रखवाकर पूजा-अर्चना करवाते हैं।

मुख्यमंत्री के साथ इस दौरान उनके भतीजे और मंत्री टी. हरीश राव मौजूद रहे। पूजा के बाद राव ने मंदिर में बैठकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

राव 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में गजवेल और कामारेड्डी से मैदान में हैं।

# वेदांता को दूसरी तिमाही में 1,783 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा

**नई दिल्ली/भाषा।** उद्योगपति अनिल अग्रवाल की वेदांता लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,783 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। कंपनी ने शनिवार को बताया कि नई कर दर अपनाने से एकमुश्त भारी खर्चा आने से यह घाटा हुआ।

वेदांता लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,808 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा हुआ था। वेदांता के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि शुद्ध घाटा कंपनी द्वारा लिए गए एक-मुश्त 'राइट-डाउन' के कारण है और खनन समूह ने भविष्य में कर का बोझ कम करने के लिए ऐसा किया।

कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 से प्रभावी नई कर व्यवस्था अपनाने के परिणामस्वरूप 6,128 करोड़ रुपये का एकमुश्त शुद्ध कर प्रभाव पड़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी एकीकृत आमदनी सितंबर, 2023 तिमाही में बढ़कर 39,585 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 37,351 करोड़ रुपये थी।

# छत्तीसगढ़ में ईडी, सीबीआई छापे कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित नहीं कर सकते, हम जीतेंगे: खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बालाघाट (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में केंद्रीय एजेंसियों की हालिया छापेमारी उनके कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के साथ साथ भाजपा शासित मध्य प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव में जीतेगी। वह मध्य प्रदेश के नक्सल प्रभावित बालाघाट जिले के कटंगी कस्बे में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने कहा, '' मैं कल (शुक्रवार) को छत्तीसगढ़ में था। मोदी साहब (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) और शाह साहब (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) की फौज भी वहां थी। ईडी, सीबीआई आयकर छापों के जरिए वे हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को डराना चाहते थे ताकि वे हतोत्साहित होकर घर बैठ जाएं।'' उन्होंने कहा कि वे सोच रहे हैं कि इन छापों से कांग्रेस कार्यकर्ता घर बैठ जाएंगे लेकिन ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस निश्चित तौर पर जीत हासिल करने जा रही है।

कांग्रेस भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर विभिन्न छापों के माध्यम से छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार को निशाना बनाने एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर (आईटी) को हथियार बनाने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी ने एक बार मनरेगा योजना की कड़ी आलोचना की थी, लेकिन उसी कार्यक्रम ने सरकार को कोविड-19 महामारी के दौरान रोजगार प्रदान करने में मदद की।

# 'प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी देना अपमानजनक'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन के उस आदेश को 'अपमानजनक' बताया, जिसमें कर्मचारियों को अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन और हड़ताल करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

मुफ्ती ने कहा कि इस आदेश से तानाशाही मानसिकता की बू आती है उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सरकारी कर्मचारियों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर उपराज्यपाल प्रशासन का पूर्ण प्रतिबंध तानाशाही मानसिकता को दर्शाता है। लोकतंत्र में आवाज को दबाना अस्वीकार्य है। उन्हें गंभीर परिणाम और अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी देना अपमानजनक है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को उनके प्रस्तावित आंदोलन को जारी रखने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा था कि इस तरह के कृत्यों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



# अगर केसीआर मांग करें, तो केंद्र बैराज को हुई 'क्षति' की जांच सीबीआई से कराने को तैयार : रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी.किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि अगर मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत बने मेडीगड्डा बैराज को हुई 'क्षति' के मुद्दे पर पत्र लिखें, तो केंद्र केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने को तैयार है।

बैराज स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए रेड्डी ने पूरी घटना की जांच कराने की मांग की और कहा कि तेलंगाना के लोगों को इससे संबंधित तथ्यों की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है।

राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए)ने कुछ दिन पहले ही बताया था कि मेडीगड्डा बैराज क्षतिग्रस्त हो गया है और '' जबतक इसकी मरम्मत नहीं की जाती इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।''रेड्डी की यह टिप्पणी एनडीएसए की रिपोर्ट के बाद आई है।

जब रेड्डी से पूछा गया था कि क्या केंद्र किसी जांच का आदेश देगी, तो उन्होंने कहा, ''वह (बीआरएस सरकार) दूसरों पर दोषारोपण करने की कोशिश कर रही है। राज्य सरकार तथ्यों को छिपाने की कोशिश कर रही है। वह अपनी गलती छिपाना चाहती है। वह तेलंगाना की जनता को अंधेरे में रखना चाहती है।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुख्यमंत्री,केंद्र को पत्र लिखते हैं, तो 15 मिनट में सीबीआई जांच का आदेश जारी हो जाएगा।''

व्यापक जांच की मांग करते हुए रेड्डी ने आरोप लगाया कि केसीआर (तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव इसी नाम से जाने जाते हैं) और उनके परिवार ने योजना के डिजाइन, क्रियान्वयन और ठेकेदारों का चुनाव करने में हस्तक्षेप किया है उन्होंने कहा, ''यह (परियोजना) दयनीय हालत में है और पूरी परियोजना का भविष्य अनिश्चित हो गया है।''

# इसरो प्रमुख ने अपनी आत्मकथा प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अपनी आत्मकथा को प्रकाशित नहीं करने का निर्णय लिया है। इसरो प्रमुख की आत्मकथा में उनके पूर्ववर्ती के. सिवन के बारे में कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां किए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद सोमनाथ का यह बयान आया है।

सोमनाथ ने कहा कि उन्होंने अंतरिक्ष एजेंसी में अपनी दशकों लंबी यात्रा के दौरान सामना की गई कुछ चुनौतियों का उल्लेख करने वाली अपनी आत्मकथा 'निलावु कुदिचा सिम्हंगल' को प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया है।

इससे पहले दिन में, सोमनाथ ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा था कि किसी संगठन में शीर्ष पद तक पहुंचने की यात्रा के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी तरह की चुनौतियों से गुजरना पड़ता है और उन्होंने भी जीवन में ऐसी कठिनाइयों का सामना किया है। तब सोमनाथ उस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें दावा किया गया है कि इसरो प्रमुख की आत्मकथा में उनके पूर्ववर्ती सिवन के बारे में कुछ आलोचनात्मक टिप्पणियां की गई हैं। सोमनाथ ने कहा, ''ऐसे प्रमुख पदों पर रहने वाले व्यक्तियों को कई चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है। उनमें से एक संगठन में पद पाने संबंधी चुनौतियां भी हैं।'' उन्होंने कहा कि ये ऐसी चुनौतियां हैं, जिनसे हर किसी को गुजरना पड़ता है।

इसरो प्रमुख ने कहा, ''एक महत्वपूर्ण पद के लिए अधिक व्यक्ति पात्र हो सकते हैं। मैंने बस उस विशेष बिंदु को सामने लाने की कोशिश की। मैंने इस संबंध में किसी व्यक्ति विशेष को निशाना नहीं बनाया।'' सोमनाथ ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपनी पुस्तक में चंद्रयान-2 मिशन की विफलता की घोषणा के संबंध में स्पष्टता की कमी का उल्लेख किया है। इसरो अध्यक्ष ने दोहराया कि उनकी आत्मकथा उन लोगों को प्रेरित करने का एक प्रयास है, जो जीवन में चुनौतियों और बाधाओं से लड़कर कुछ हासिल करना चाहते हैं।

# दिल्ली : एम्स के चिकित्सकों ने बच्चे के फेफड़े में फंसी सुई को चुंबक की मदद से निकाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने सात वर्षीय बच्चे के बाएं फेफड़े में धंसी सुई को चुंबक की मदद से सफलतापूर्वक निकाला है। अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल ने कहा कि बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की टीम ने जटिल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के जरिये फेफड़े के भीतर धंसी चार सेंटीमीटर की सुई को निकाला। बच्चे को हेमोप्टाइसिस (खांसी के साथ रक्तस्राव) की शिकायत के बाद गंभीर स्थिति में बुधवार को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. विशेष जैन ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रेडियोलॉजिकल जांच से पता चला कि बच्चे के बाएं फेफड़े में सिलाई मशीन की एक लंबी सुई धंसी हुई है।

डॉ. जैन ने एक परिचित के जरिये उसी शाम चांदनी चौक बाजार से चुंबक खरीदने की व्यवस्था की। जैन ने कहा, ''चार मिलीमीटर चौड़ाई और 1.5 मिलीमीटर मोटाई वाला चुंबक इस काम के लिए एकदम सही उपकरण था।''

प्रक्रिया की जटिलताओं के बारे में बताते हुए, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. देवेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सुई फेफड़े के भीतर इतनी गहराई तक धंसी थी कि पारंपरिक तरीके लगभग अप्रभावी साबित होते उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की टीम ने गहन चर्चा की, जिसका उद्देश्य सुई को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से निकालने के लिए अभिनव समाधान तलाशना था।

डॉ. जैन ने कहा, ''प्राथमिक उद्देश्य श्वासनली को किसी भी तरह के जोखिम से बचाकर चुंबक को सुई के स्थान तक ले जाना था। टीम ने सरलतापूर्वक एक विशेष उपकरण तैयार किया, जिसमें चुंबक को एक रबर बैंड और धागे का उपयोग करके सुरक्षित रूप से जोड़ दिया गया था।''

डॉ. यादव के अनुसार, टीम ने बाएं फेफड़े के भीतर सुई के स्थान का पता लगाने के लिए श्वास नली की एंडोस्कोपी शुरू की और टीम को केवल सुई की नोक का पता चला, जो फेफड़ों के भीतर गहराई तक फंसी हुई थी। डॉ. जैन ने कहा कि इस चुंबक उपकरण की मदद से सुई को सफलतापूर्वक निकाला गया।

एम्स के मुताबिक, बच्चे के फेफड़े में सुई कैसे पहुंची, इस बारे में परिवार कोई जानकारी नहीं दे सका।

# सरकार की ओर से समय पर की गयी कार्रवाई ने बारिश से होने वाले नुकसान को घटाया : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समय पर शुरू किये गये राहत एवं बचाव कार्य के कारण बारिश से होने वाले संभावित नुकसान को रोका जा सका।

राज्य में भारी बारिश के कारण कई जिलों में प्रशासन को स्कूलों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार कोयंबटूर के मेट्टुपालयम में अधिकतम 13 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, इसके बाद कामुथी, शिवगिरि और अलंदूर में 12-12 सेंटीमीटर जबकि पुझल में 11 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

राज्य में भारी बारिश के कारण चेन्नई, मदुरै, तिरुनेलवेली, तेनकासी, डिंडीगुल और थेनी जिलों में प्रशासन ने आज स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी।

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण मानसून के दौरान चेन्नई में बाढ़ की आशंका अब खत्म हो गई है।



उन्होंने कहा कि भारी बारिश के जल की निकासी की व्यवस्था जैसे काम करके लोगों को प्रभावित होने से बचाया।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य में अगले कुछ दिनों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए राज्य के मंत्रियों, स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों के अलावा नागरिक अधिकारियों और कर्मचारियों को लोगों की सेवा के लिए सक्रिय रहने के लिए कहा है।

## बुखार से ग्रसित हैं स्टालिन, डॉक्टरों ने दी आराम करने की सलाह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन बुखार से ग्रसित हो गए हैं और डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

मद्रास ईएनटी अनुसंधान फाउंडेशन के मुख्य सर्जन एवं निदेशक प्रो. कामेश्वरन ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन को शुक्रवास के खांसी तथा बुखार है। उनका उपचार किया गया है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री बुखार से निजात पाने के लिए नियमित उपचार कराने तथा कुछ दिन आराम करने की सलाह दी गयी है।

विमोचन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि शनिवार को चेन्नई में फार्म पर्सनैलिटीज के साथ 'थिंक टू डेयर' श्रृंखला की 12वीं बातचीत के दौरान राज्य में सब्जी की खेती पर 200वीं पुस्तक का विमोचन करते हुए।

## श्रीलंकाई मछुआरों के 'हमले' में चार भारतीय मछुआरे घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नागापट्टिनम।** श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह के कथित 'हमले' में शनिवार को चार भारतीय मछुआरे उस समय घायल हो गए जब मध्य समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। मत्स्य पालन अधिकारियों ने कहा कि मयिलादुथुराई जिले के थारंगमबाड़ी तालुक में पुडुपेट्टई तटीय गांव के रहने वाले मछुआरे शुक्रवार को फाइबरग्लास मछली पकड़ने वाली नाव में समुद्र में गए थे। जब वे कोडियाकराई तट के दक्षिण-पूर्व में कई समुद्री मील की दूरी पर ऊंचे समुद्र में मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगे हुए थे तो श्रीलंकाई मछुआरों ने तमिलनाडु के मछुआरों का आमना सामना हो गया।

श्रीलंकाई लोगों ने तमिलनाडु के मछुआरों पर हमला किया और उनसे जीपीएस उपकरण, मछली पकड़ने के जाल और मछलियां लूट ली और उनकी नाव में सवार हो गए। हमले के बाद तट पर लौटे घायल मछुआरों का इलाज वेदारण्यम सरकारी अस्पताल में किया गया। इस साल अगस्त के बाद से श्रीलंकाई मछुआरों द्वारा भारतीय मछुआरों पर हमले का यह आठवां हमला है।

## बीजेपी नेता अमर प्रसाद रेड्डी की जमानत याचिका खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेंगलपट्टू जिला प्रधान सत्र न्यायालय ने शनिवार को तमिलनाडु भाजपा खेल और कौशल विकास प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमर प्रसाद रेड्डी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

20 अक्टूबर की रात को पुलिस कर्मियों के साथ कथित झड़प के बाद अमर प्रसाद रेड्डी को पांच अन्य लोगों के साथ तंबरम सिटी पुलिस ने 21 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था, जब पार्टी के राज्य अध्यक्ष के अन्नामलाई के पनैयुर स्थित आवास के बाहर लगाए गए भाजपा के झंडे को पुलिस ने हटा दिया था। पुलिस ने



सात धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया. अलंदुर कोर्ट ने अमर प्रसाद और चार अन्य की न्यायिक हिरासत कल तक के लिए बढ़ा दी।

अमर प्रसाद ने 30 अक्टूबर को चेंगलपट्टू जिला प्रधान सत्र न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी। अमर प्रसाद ने बताया कि उनका अगला कदम मद्रास उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दायर करना है।

# भाजपा नेता रंजना नचियार ने छात्रों को जड़ा थप्पड़, वीडियो वायरल होने पर गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भाजपा नेता रंजना नचियार को कुंद्राथुर में एक बस में सवार होकर खतरनाक स्टंट कर रहे छात्रों को थप्पड़ मारने और दुर्व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल कुछ छात्र एक स्कूल बस में सवार होने के बाद खतरनाक स्टंड कर रहा थे। इस बीच उनकी नजर बस पर पड़ी। जिसे देखने के बाद भाजपा नेता रंजना नचियार ने



बस को रूकवाया। इसके बाद बस में सवार होकर स्टंट कर रहे बच्चों को थप्पड़ जड़ने के साथ ही दुर्व्यवहार किया। जिनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद तमिलनाडु पुलिस ने भाजपा नेता रंजना नचियार को गिरफ्तार किया है। नचियार ने छात्रों द्वारा स्टंट करने को लेकर बस के कंडक्टर को भी अपशब्द कहे। उन पर सरकारी अधिकारियों को उनके कर्तव्यों का पालन नहीं करने देने, छात्रों को थप्पड़ मारने और दुर्व्यवहार करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

सहयोग — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में शुक्रवार को रेप्को माइक्रो फाइनांस लि. के प्रबंध निदेशक एवं चेयरपर्सन श्रीमती आरएस इसाबेला ने 10 लाख रुपए का चेक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मुख्य सचिव गगनदीप सिंह बेदी को भेंट किया। सीएसआर के तहत यह राशि सरकारी मेडिकल कॉलेज ओमन्दूर में अतिरिक्त सुविधाओं के लिए दी गई। इस मौके पर कॉलेज के सहायक प्रो. डॉ. एस लता माहेश्वरी, रेप्को माइक्रो फाइनांस के निदेशक एजी वेंकटचलम भी उपस्थित थे।

## जाति जनगणना की मांग पर विचार के लिए केंद्र को आयोग गठित करना चाहिए : पीएमके

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) ने शनिवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार की मंशा वास्तव में जातिगत जनगणना के मुद्दे का अध्ययन करने की है तो उसे इस मांग पर विचार करने के लिए आयोग गठित करना चाहिए।

राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना की समर्थक पीएमके ने कहा कि समिति को छह महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी चाहिए और तभी यह माना जा सकता है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस मांग पर विचार को तैयार है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान कि भाजपा ने कभी जाति जनगणना के विचार का विरोध नहीं किया, का उल्लेख करते हुए पीएमके के संस्थापक एस रामदास ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह इस मुद्दे पर जल्द विचार-विमर्श शुरू करे और इस मांग को लेकर नीतगत निर्णय का ऐलान करे।

शाह की टिप्पणी का स्वागत करते हुए रामदास ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर कहा कि यह दिखाता है कि मांग को मिल रहा समर्थन बढ़ रहा है और उन्होंने (शाह ने) अच्छी बात की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी जाति आधारित जनगणना का यह कहकर विरोध करती रही है कि यह लोगों को बांटेगी लेकिन अब वह सामने आकर कह रही है कि वह प्रस्ताव का विरोध नहीं करती। पीएमके ने कहा कि इस तरह का बदलाव छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नहीं होना चाहिए।

## सीखने के पारंपरिक माहौल से परे जाने की जरूरत : वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल वी. आर. चौधरी ने शनिवार को कहा कि वक्त की दरकार अधिक दक्ष युवा पायलट तैयार करना और प्रशिक्षण के पारंपरिक माहौल से परे जाना है। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स स्कूल (एफआईएस) के प्लेटिनम जुबिली समारोहों के अवसर पर यहां ताम्बरम स्थित एयर फोर्स स्टेशन में एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, ''वक्त की दरकार अधिक दक्ष, युवा पायलट तैयार करना तथा उन्हें बेड़े में तेजी से और अधिक प्रभावकारी तरीके से शामिल करना है। हमें सीखने के पारंपरिक माहौल से परे जाने की जरूरत है, जिसमें कौशल विकास प्रत्येक व्यक्ति को ध्यान में रखकर



तैयार किया जाए।''

उन्होंने कहा, ''वे दिन गए, जब सबको एक जैसा प्रशिक्षण दिया जाता था।'' वायुसेना प्रमुख ने कहा, ''वैमानिकी क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को सम्मिलित करने से हमारे लिए नये अवसर (सामने) आ रहे हैं, जिसका फायदा उठाया जा सकता है...।'' उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में एफआईएस एक अहम भूमिका निभाएगा। इससे पहले, एयर फोर्स स्टेशन पर प्रशिक्षक विमानों और हेलीकॉप्टर ने 'फ्लाई पास्ट' किए।

## बेंगलूरु की हवा-पानी की गुणवत्ता दिल्ली जितनी खराब

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु को कभी 'गार्डन सिटी ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता था। वह वर्तमान में सबसे खराब पारिस्थितिक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ समय से एशिया में सबसे तेजी से बढ़ते शहर के टैग और आसपास की हलचल भरी औद्योगिक गतिविधियों के बाद, यह आशंका जताई जा रही है कि कर्नाटक राज्य की राजधानी एक पारिस्थितिक आपदा की ओर बढ़ रही है।

उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने घोषणा की है कि बेंगलूरु में कुमुदवती और अर्कावती नदियों के किनारे बफर जोन को कम किया जाएगा। इस कदम के ख़िलाफ़ चिंताएं व्यक्त की गईं और विरोध प्रदर्शन किए गए, जबकि पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे कायाकल्प प्रयासों में बाधा आएगी। बफर जोन नदी के दोनों ओर एक किमी तक फैला हुआ है।

बेंगलूरु में तेजी से निर्माण गतिविधि, खनन, वाहनों की संख्या में वृद्धि के कारण हवा की गुणवत्ता चिंताजनक रूप से बिगड़ रही है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, लेखक और पूर्व आईएफएस अधिकारी एएन यल्लप्पा रेड्डी ने बताया कि बेंगलूरु की स्थिति किसी भी तरह से नई दिल्ली से कमतर नहीं है। हालांकि, हवा की गुणवत्ता का स्तर अलग-अलग है, लेकिन यह किसी भी मायने में नई दिल्ली से अलग नहीं है। 2.5 माइक्रोन और 10 माइक्रोन के कण घूम रहे हैं लेकिन निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है और ये बाहर नहीं आ रहे हैं। आगे कहा कि प्रमुख प्रदूषण निर्माण और प्रदूषणकारी उद्योगों से आ रहा है। ये उद्योग किसी भी कानून की परवाह नहीं कर रहे हैं और न ही कानून का कोई अमल हो रहा है।

दिल्ली में चिंताजनक स्थिति है। हृदय रोग, मधुमेह समेत तमाम तरह की बीमारियों से लोग मर रहे हैं। प्रदूषक तत्व एक बार मस्तिष्क और हृदय में प्रवेश कर जाएं तो सभी प्रकार की पुरानी बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

मशहूर फिल्म निर्माता, अभिनेता और पर्यावरण कार्यकर्ता सुरेश हेब्बलीकर ने बताया कि बेंगलूरु में पानी पूरी तरह से नष्ट हो गया है और हवा तेजी से खराब हो रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि शहर विनाश की राह पर है। मैंने इसके बारे में प्रमुख मीडिया में बहुत पहले ही विस्तार से लिखा है।

## जिलों के प्रभारी मंत्री 15 नवंबर को सूखे की स्थिति की रिपोर्ट सौंपें : सिद्दरामैया

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने जिला प्रभारी मंत्रियों को राज्य के सूखा प्रभावित तालुका और जिलों की यात्रा करने और 15 नवंबर को उन्हें एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। यह निर्देश तब आया है जब राज्य सबसे खराब सूखे में से एक का सामना कर रहा है। राज्य के 236 तालुकों में से 216 को अपर्याप्त वर्षा के कारण सूखा प्रभावित घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को मंत्रियों के लिए कार्यवाही ब्यौरा जारी किया गया जिसमें कहा गया कि लोगों, मवेशियों, कृषि और उद्योगों के लिए पीने के पानी की आवश्यकताओं, चारा, रोजगार परिदृश्य, सूखा राहत वितरण और राज्य में सूखे से निपटने के विभिन्न उपायों पर मंत्रिमंडल की बैठक में पहले ही चर्चा की जा चुकी है।

उद्घाटन




गुलबर्गा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. एमवी नादकर्णी ने शनिवार को बेंगलूरु मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड इंस्टीट्यूट बेंगलूरु में आयोजित चिकित्सा सेवा केंद्र के 7वें अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

## कुमारस्वामी ने शिवकुमार की मुख्यमंत्री बनने की कथित महत्वाकांक्षा को लेकर उन पर निशाना साधा

**बेंगलूरु।** जनता दल (एस) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने शनिवार को तंज कसते हुए पेशकश की कि अगर कांग्रेस नेता एवं उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं तो वे सभी 19 जद (एस) विधायकों का समर्थन उन्हें देंगे। जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने आश्चर्य जताया कि कांग्रेस को जद (एस) विधायकों को अपने पाले में लाने की जरूरत क्यों पड़ी, जबकि 224 सदस्यीय विधानसभा में उसके पास पहले से ही 136 विधायक हैं।



उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार को मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जाता है। कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया कांग्रेस के उन दावों के बीच आई है कि जद (एस) के कई विधायक सबसे पुरानी पार्टी में शामिल होने के इच्छुक हैं। कुमारस्वामी ने प्रेसवार्ता में कहा, ''मैं बाधा क्यों बनूं? आइए एक काम करें। उन्हें (उपमुख्यमंत्री शिवकुमार) कल सुबह मुख्यमंत्री बनने दीजिए... मैं उन्हें सभी 19 लोगों (जद (एस) विधायकों) का समर्थन दूंगा।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता जद (एस) विधायकों के सामने ''अर्जी' लेकर खड़े हैं और उनसे कांग्रेस में शामिल होने के लिए कह रहे हैं। कुमारस्वामी ने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं ने जद (एस) विधायक जी.टी. देवेगौड़ा से संपर्क कर उन्हें मंत्री बनाने और उनके बेटे के लिए भी ''कुछ करने'' की पेशकश की थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि जद (एस) विधायक करेम्मा और अन्य को भी कांग्रेस से इसी तरह की पेशकश मिली थी। जद(एस) नेता ने पूछा, आपके (कांग्रेस) पास 136 विधायक हैं। जब आपके पास विकास कार्य करने के वास्ते अपने विधायकों के लिए ही पैसे नहीं हैं, तो आप हमें अपनी पार्टी में शामिल करके क्या करेंगे? कुमारस्वामी ने अपने विधायकों पर भरोसा जताते हुए कहा कि कोई भी कांग्रेस में शामिल होने के लिए तैयार नहीं है।

पुरस्कार



बेंगलूरु में शनिवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया को नम्मा बेंगलुरु फाउंडेशन के नम्मा बेंगलूरु पुरस्कार प्रदान करते हुए।

### बेंगलूरु मॉल में यौन उत्पीड़न

# रिटायर्ड हेडमास्टर ने किया आत्मसमर्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के लुलु मॉल में यौन उत्पीड़न के मामले में एक सेवानिवृत्त स्कूल हेडमास्टर ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को जांच में पता चला कि अश्वथ नारायण (60) मॉल में युवा लड़कियों और महिलाओं से छेड़छाड़ करता था। मॉल के सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, आरोपी ने कई महिलाओं के साथ गलत हरकत की थी। वह वीकेंड मॉल में बिताता था और भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं और युवाओं को गलत तरीके से छूता था।

पुलिस आशंका जता रही है कि आरोपी हेडमास्टर ने अन्य मॉल में भी ऐसा ही किया है। पुलिस उससे और पूछताछ कर रही है। मॉल में आरोपी द्वारा एक युवती का यौन उत्पीड़न करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी शख्स भीड़ भरे मॉल में गेम्स जोन में जानबूझकर महिला की पीठ को छू रहा है। एक दूसरी जगह भी वो गलत हरकत करते देखा गया। दुराचार के बाद पीड़िता ने विरोध नहीं किया था। वीडियो एक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड किया गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, अपलोड करने वाले ने बताया कि यह घटना लुलु मॉल में हुई थी। व्हिसलब्लोअर ने कहा था, यह घटना बेंगलूरु के लुलु मॉल फंटुरा में रिकॉर्ड की गई। वीडियो में यह आदमी आसपास की महिलाओं और लड़कियों के साथ ऐसी हरकत कर रहा है। जब मैंने उसे बहुत भीड़-भाड़ वाले इलाके में देखा, तो मुझे कुछ संदेह हुआ, उसका पीछा करते हुए वीडियो रिकॉर्ड किया। सिक्योरिटी के पास जाकर इसकी शिकायत की, फिर हम उसकी तलाश में आये लेकिन असफल रहे। मॉल प्रबंधन और सिक्योरिटी को सूचना दी। वे उस व्यक्ति को ढूंढ़कर कार्वाई करने का प्रयास करेंगे, ऐसे लोगों पर शर्म आनी चाहिए।



# वसुंधरा राजे ने नामांकन दाखिल किया, कहा -गहलोत सरकार ने 4 साल तक लोगों के साथ छलावा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने झालरापाटन विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी भी उनके साथ मौजूद रहे है। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए 6 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 25 नवंबर को मतदान होगा। वही 3 दिसम्बर को परिणाम घोषित किये जाएंगे।

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा, नामांकन के दिन शुरुआत होती है... अशोक गहलोत की सरकार ने लोगों के साथ छलावा करने का काम किया है। 4 साल तक उन्होंने अपना पिटारा खोला नहीं और लोगों को दुखी करने का काम किया है। जनता समझदार है। जनता जानती है कि उन्होंने क्या किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि परिणाम भाजपा के समर्थन में आएगा। आपको बता दे की कल झालावाड़ में पूर्व मुख्यमंत्री ने वसुंधरा राजे ने खुद के रिटायरमेंट होने का बयान देकर कोई सियासी दांव खेला है। हालांकि उन्होंने यह बयान बहुत ही मजाकिया अंदाज में दिया है। साथ ही उन्होंनें अपने बेटे को सियासत में परिपक्व होने पर तारीफ की। इसका श्रेय उन्होंने झालावाड़ की जनता को दिया है।

वसुंधरा राजे के इस बयाने के लोग अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। हालांकि उन्होंने कहा-मुझे लग रहा है अब मैं रिटायर हो सकती हूं। आगे कहा-मेरे पुत्र सांसद साहब को सुनकर मुझे लगा कि जनता ने उन्हें अच्छी तरह से सिखा दिया है। कुछ प्यार से और कुछ आंख दिखाकर, आपने उसे ऐसा बना दिया है कि अब मुझे उसके पीछे पड़ने की जरूरत ही नहीं है, वो आप लोगों ने ही कर दिया है।

राजे ने कहा मुझे विश्वास है कि मुझे उन पर निगाह रखने की कोई जरूरत नहीं है। वो सब ऐसे लोग हैं,चाहे जिलाध्यक्ष हों, चाहें दूसरे कार्यकर्ता। ये सब ऐसी पॉजिशन में आ गए हैं कि पीछे पड़ने की जरूरत नहीं है, वे आप लोगों के काम वैसे ही करेंगे।

वसुंधरा राजे के इस बयान के मायने क्या हैं? इस सवाल के जवाब में लोगों का मानना है कि बीजेपी के आलाकमान ने वसुंधरा राजे को ऐसा बोलने के लिए मजबूर कर दिया है। वहीं वसुंधरा राजे को पार्टी स्तर पर किनारे लगाए जाने का आभास पहले से हो रहा है।

वहीं कुछ लोग वसुंधरा राजे के इस बयान को उनका सियासी दांव मान रहे हैं। इससे जनता में एक मैसेज जाएगा। हालांकि वसुंधरा राजे ने बाद में एक टीवी चैनल को बताया कि अगर मुझे संन्यास लेना होता तो मैं नामांकन ही क्यों भरती? इससे बीजेपी प्रत्याशियों को नुकसान हो सकता है। दूसरी ओर मध्यप्रदेश में भी वसुंधरा राजे की बहन यशोधरा राजे ने भी इस बार चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। आलाकमान ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। अब आगे देखना होगा कि बीजेपी में सियासी समीकरण कैसे बिगड़ते और बनते हैं।

# डूंगरपुर जिले में सड़क हादसे में चार की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के डूंगरपुर जिले में शुक्रवार देर रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिछीवाड़ा के थाना प्रभारी मदनलाल ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर शुक्रवार की देर रात गलत दिशा से आ रही एक कार निजी बस से टकरा गयी। हादसे में कार सवार चार युवकों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत गंभीर है। शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सभी मृतक गुजरात के शामलाजी के रहने वाले थे।

उन्होंने बताया कि खजूरी की नाल में गलत दिशा से आ रही गुजरात नंबर की कार की गुजरात से डूंगरपुर की ओर जा रही निजी बस से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सामने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान सतीश भाई (25), अंकित निनामा (25), रवि (23) और कौशिक (21) के रूप में हुई।



# राजस्थान में नौजवान हैरान एवं किसान परेशान : त्रिवेदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यसभा सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने राजस्थान में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर तंज करते हुए शनिवार को कहा कि यहां 'नौजवान हैरान, किसान परेशान, कानून व्यवस्था लहूलुहान' है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जनादेश से सरकार बनाएगी।

यहां मीडिया से बातचीत में त्रिवेदी ने कहा कि गत पांच साल में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली 'कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार की भरमार है, नारियों का सम्मान तार-तार है, तुष्टिकरण की भरमार है और इस दृश्य को देखकर वेदना होती है।' पार्टी के बयान के अनुसार भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि राजस्थान में पहले कभी कट्टरपंथियों का मनोबल इतना ऊंचा नहीं था जैसा कि अभी है। उनका कहना था कि कानून व्यवस्था इतनी ध्वस्त नहीं थी जो इस समय दिखाई दे रही है।

उन्होंने महिलाओं और दलितों पर अत्याचार को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तीन करोड़ 40 लाख जन-धन खाते खोले जिसके माध्यम से 12000 करोड रुपये जमा हुए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख लाभार्थियों को ऋण दिया गया जिसमें से नौ लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 70,316 किलोमीटर की सड़कें बनी है जिसमें 15000 किलोमीटर से ज्यादा गावों को ढाणियों से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 82 लाख से ज्यादा किसानों को 16000 करोड़ रुपये की राशि मिली। आगामी विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हमें पूर्ण विश्वास है, कि अब परिवर्तन का समय आ गया है। राजस्थान की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है...राजस्थान में ऐतिहासिक जनादेश से भाजपा सरकार बनाएगी।

# कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में गरीबों एवं अमीरों की खाई को कम करने का किया काम : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस सरकार ने पांच सालों मे गरीबों एवं अमीरों की खाई को कम करने का काम किया है और कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं से यह सम्भव हुआ है। गहलोत आज अजमेर के किशनगढ़ स्थित रवींद्र रंगमंच पर कांग्रेस उम्मीदवार विकास चौधरी की आयोजित नामांकन जन आशीर्वाद जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने सत्ता में आते ही अनेक नवाचार किये , किसानों के लिये अलग बजट पास किया गया। राजस्थान सरकार की स्कीमों की पूरे देश में चर्चा है और अब तो विरोधी भी हमारी योजना को अपने घोषणा पत्र में शामिल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने दस योजना का लाभ प्रदेश की जनता को दिया है , जो लागू है। और सात अन्य की गारंटी दी गई है, सरकार बनते ही इन सातों को भी लागू किया जायेगा। गहलोत ने राजस्थान को देश का एकमात्र राज्य बताया, जहां 25 लाख का बीमा और स्वास्थ्य के अधिकार का कानून बना। पांच सौ का सिलेंडर, पशु बीमा ,अन्नपूर्णा किट, गौशालाओं को 3हजार करोड़ का अनुदान, युवाओं के लिये अनुप्रित योजना,रेकार्ड स्कूल-कालेजों का खोला जाना , कोविड का अनुठा मैनेजमेंट सबकुछ कांग्रेस राज में सम्भव हुआ। भीलवाड़ा माडल तो मिसाल बन गया , जिसकी सब जगह चर्चा रही। गहलोत ने किशनगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार विकास चौधरी को विशेष परिस्थितियों में आलाकमान द्वारा टिकट दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोट का राज और अधिकार कांग्रेस ने ही दिया है। ये भारत में ही सम्भव है और हमारा सौभाग्य है कि हमें गरीब, किसान, दलित सभी से हाथ जोड़ कर वोट मांगना पड़ता है।उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र की हत्या होती है , और




कांग्रेस के पूर्ववर्ती नेताओं ने भारत में आम जनता को वोट का अधिकार दिया है , जिसका हमें सम्मान रखना है।

उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि उनके पास उम्मीदवार नहीं है। तभी सात सांसदो को विधानसभा चुनाव में खड़ा किया गया है। भाजपा के 25 सांसदों ने पूरे कार्यकाल में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ( ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने में कोई भूमिका नहीं निभाई। प्रधानमंत्री भी अपनी जवान से मुकर गये वो तो वीडियो से बात साफ हुई जिसमें मोदी वादा करते सुनाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने इस योजना के लिए 14 हजार करोड़ का प्रावधान किया है लेकिन केन्द्र सरकार अड़ंगे लगा रही है। गहलोत ने राज्य के 13 जिलों के हित में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसलपुर योजना अजमेर जिले के लिये बनी थी लेकिन आज जयपुर सहित अनेक जगह वहां से पानी भेजा जा रहा है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर औ हरिदेव जोशी के कांग्रेस शासन में बीसलपुर का काम पूरा नहीं होता तो आज अजमेर को पानी कहाँ से मिलता।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ जनता के हितों के लिये काम करती है। उन्होंने अपनी नवीन सात गारंटी का भी सिलसिलेवार जिक्र किया और बताया कि राज्य की महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं को इसका कैसे लाभ मिलेगा। ओल्ड पेंशन स्कीम की भी चर्चा की। उन्होंने किशनगढ़ हवाई अड्डे सहित यहां के विकास का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने अजमेर जिले के कांग्रेस उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। इससे पहले मंच पर मुख्यमंत्री को जय जवान, जय किसान , जय कांग्रेस का हल भेंट किया गया। इस अवसर पर सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा , पूर्व सांसद डा. प्रभा ठाकुर , पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया तथा पुष्कर से उम्मीदवार तथा प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसान मौजूद रही।



# देश के लिए शहीद होने वाले वाले सैनिक की शहादत में फर्क न करे केंद्र सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। हरियाणा से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहाकि अग्निवीर योजना राष्ट्रहित में नहीं है। सरकार बताए कि फौज में पहले की तरह पक्की भर्तियां क्यों नहीं हो रही है? उन्होंने मांग की कि सरकार अग्निवीर योजना को खत्म करके सेना में तुरंत पक्की भर्ती शुरू करे और अग्निवीर योजना के तहत भर्ती सभी अग्निवीरों को नियमित सैनिक का दर्जा दे। क्योंकि, ये योजना देश, फौज और युवाओं के हित में ही नहीं है।

दीपेन्द्र हुड्डा शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ किशनगढ़ (अजमेर) से कांग्रेस प्रत्याशी विकास चौधरी और बड़ी सादड़ी (चित्तौड़गढ़) से कांग्रेस प्रत्याशी बद्रीलाल के नामांकन में शामिल हुए। इस दौरान चुनावी जनसभाओं में दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अग्निवीर सैनिक की शहादत होने पर उन्हें न तो शहीद का दर्जा मिलता है, न पेंशन, न ग्रेच्युटी और उनके आश्रितों को मेडिकल फेसिलिटीज़ व अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही। फुल-पे, बचे हुए सेवा कार्यकाल से लेकर सिर्फ चार साल तक मिलेगी, क्योंकि अग्निवीर की कॉन्ट्रैक्चुअल सेवा सिर्फ चार साल की है।

अग्निवीर स्कीम के जरिए बीजेपी सरकार ने देश की सेना को 2 हिस्सों में बांटने का काम किया है। नियमित सैनिक और अग्निवीर सैनिक। सरकार शहीद और शहीद में फर्क कर रही है और साथ ही, देश की सेना को कमजोर बना रही है। अग्निवीर योजना देश की फौज को खोखला करने की योजना है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हम देश भर में अग्निपथ योजना को समाप्त करने की लड़ाई लड़ेंगे। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सेना में पक्की भर्तियों की बजाय अग्निपथ योजना और हरियाणा कौशल विभाग के जरिए कच्ची भर्ती इस बात का प्रतीक है कि सरकार कर्मचारियों को पेंशन देने से बचना चाहती है और प्राइवेट सेक्टर को आगे लाकर पक्के सरकारी पदों को समाप्त करना चाहती है।

उन्होंने सवाल किया कि देश के लिए शहीद होने वाले नियमित सैनिकों और अग्निवीरों के परिवारों को मिलने वाली सहायता और सम्मान राशि में भेदभाव क्यों किया जा रहा है? सरकार सैनिक बनकर देश सेवा करने के युवाओं के पवित्र सपने का कत्ल कर रही है।

नियमित सैनिक की शहादत होने पर शहीद का दर्जा, उनके परिवार को नौकरी में शहीद द्वारा बिताए वर्षों के हिसाब से ग्रेच्युटी, बचे हुए सेवा कार्यकाल से लेकर उस रैंक की रिटायरमेंट उम्र तक मिलता है, पारिवारिक पेंशन, आर्मी बेनेवोलेन्ट फंड और बची हुई छुट्टियों के एवज में पैसा, मेडिकल फैसिलिटी, सीएसडी फैसिलिटी, सभी तरह के मिलिट्री बेनेफिट जो सरकार कभी भी अनाउंस करेगी, वह मिलता है। शहीद के बच्चों के लिए आरक्षित वैकेंसी (शिक्षा व सरकारी नौकरी में), साथ ही बच्चों को सभी प्रकार की छात्रवृत्ति का भी लाभ मिलता है। जबकि अग्निवीरों को इन सभी लाभों से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं के लिए फौज में भर्ती होना गर्व की बात होती है। सेना में देश की 2% आबादी वाले हरियाणा से 10% सैनिक देश सेवा में जाते हैं।

जब तक ये योजना लागू नहीं हुई थी, प्रदेश की सड़कों की पटरियों पर, मैदानों में अनेक युवा दौड़, कसरत करते दिखाई देते थे, इस योजना के लागू होने के बाद ऐसा दिखाई देना लगभग बंद हो गया है। अखबारों में छपी खबरें बता रही हैं कि बड़ी संख्या में अग्निवीर अपनी ट्रैनिंग बीच में ही छोड़-छोड़कर वापिस आ रहे हैं। खबरों के मुताबिक पहले बैच में ही 50 से ज्यादा युवा ट्रेनिंग बीच में ही छोड़कर चले गए और दूसरे बैच में भी ऐसे ही हालात हैं।

# रंधावा ने सचिवों एवं जिलाध्यक्ष के साथ बनाई चुनावी रणनीति

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा एवं सह-प्रभारी राजस्थान अमृता धवन ने सचिवों एवं जिलाध्यक्ष के साथ शनिवार को चुनावी रणनीति बनाई। इसके लिए प्रदश कांग्रेस वॉर रुम में बैठक आयोजित की गई जिसमें रंधावा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोकगहलोत की सात गारंटी योजनाओं का प्रचार-प्रसार विधानसभा क्षेत्रों में किया जायेगा एवं प्रत्येक विधानसभा में गारंटी योजना कैम्प लगाया जायेगा और गारंटी यात्रा भी निकाली जायेगी।



# मोमासर उत्सव में कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। दुर्लभ लोक संगीत, कला और परम्पराओं को सहेजने वाले राजस्थान के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सव मोमासर उत्सव में विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों और कलाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीकानेर के मोमासर में शुक्रवार को शुरू हुए तीन दिवसीय मोमासर उत्सव के 11वें संस्करण की शुरुआत हुई जिसमें इस बार 50 प्रतिशत महिला कलाकार और दस्तकार अपनी प्रस्तुतियों और कलाओं से आयोजन को गुलज़ार कर रहे हैं।

राजस्थान का यह पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम है जिसमें आधे महिला कलाकार शामिल हैं वहीं यह एक ऐसा दुर्लभ आयोजन है जिसमें ना उम्र की कोई सीमा है और ना ही शारीरिक चुनौतियों का कोई बंधन। यहां पुरुष, महिलाएं, युवा, बुज़ुर्ग, दृष्टिबाधित, विशेष योग्यजन हर तरह के कलाकार इसमें भाग लेते आ रहे हैं। उत्सव के 11वें संस्करण में पहले दिन की शुरुआत भोमियाजी मंदिर में गीता पराग कबीर और साथियों के भक्ति संगीत से हुई। इसके बाद हवेली चौक में रामकुमार नाथ जोगी ने तीन लोक वाद्य पुंगी, बांसुरी और अलगोजा वादन की अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। शांति देवी कालबेलिया और साथियों ने पुंगी पर कालबेलिया समुदाय के गीत पेश किए। बेगम बतूल ने भी शेखावाटी के पारंपरिक लोक गीतों से शेखावाटी की समृद्ध विरासत को यहां साकार किया।

रात को द सैंड्स में आयोजित 'म्यूजिक अंडर द स्टार्स' में नानक नाथ जोगी ने जोगिया सारंगी पर भक्ति गीत पेश किए। साउथ अमरीकी कलाकार निकोलस - कैरोलीना व ट्रंपेट कलाकार आमिर बियानी की संगीतमय प्रस्तुति ने दिखाया कि संगीत की कोई भाषा और सीमा नहीं होती है। इसके बाद भुंगर खान पारंपरिक मांगणियार गीत और अम्बा लाल व साथियों के बॉलीवुड क्लासिक्स ने रात को द सैंड्स (कुनाल-कनिका फार्म) के खुले मैदान में समां बांध दिया। यह उत्सव राजस्थान की संस्कृति, अद्भुत कला और दुर्लभ लोक संगीत को बरसों से सहेजता आ रहा है। यह राजस्थान का एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसमें इतने बड़े स्तर पर समुदाय और आमजन की सहभागिता रहती है।

# राजस्थान में जल जीवन मिशन के कोष में हेराफेरी के लिए बिचौलियों ने अधिकारियों की 'मदद' की : ईडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को एक बयान में दावा किया कि कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने राजस्थान सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना से अवैध तरीके से प्राप्त धनराशि की हेराफेरी करने में 'मदद' की। ईडी ने इस मामले में शुक्रवार को चुनावी राज्य में 26 स्थानों पर तलाशी ली थी। पहले दौर की छापेमारी सितंबर में की गई थी। नए अभियान में जयपुर और दौसा में पीएचईडी के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल के आवास और कार्यालय परिसरों के अलावा निजी व्यक्तियों के स्थानों की तलाशी ली।

जांच में पाया गया कि ठेकेदार भारतीय रेलवे कंस्ट्रक्शन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) द्वारा जारी कथित फर्जी कार्य समापन प्रमाणपत्रों के आधार पर और पीएचईडी के वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देकर जल जीवन मिशन कार्यों से संबंधित निविदाएं हासिल करने में शामिल थे। ईडी ने कहा, कई बिचौलियों और प्रॉपर्टी डीलर ने जल जीवन मिशन घोटाले से अवैध रूप से अर्जित धन की हेराफेरी में पीएचईडी अधिकारियों की सहायता की। राजस्थान में 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी दलों के नेताओं और कांग्रेस नीत सरकारों को निशाना बनाने के लिए केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार के निर्देश पर काम कर रही हैं। धन शोधन का मामला राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि श्याम ट्यूबवेल कंपनी के मालिक पद्मचंद जैन, गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल और अन्य लोग अवैध संरक्षण, निविदा प्राप्त करने, बिल स्वीकृत कराने तथा अनियमितताओं पर पर्दा डालने के लिए लोक सेवकों को रिश्वत देने में शामिल थे। केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है और इसे राजस्थान में राज्य पीएचईडी क्रियान्वित कर रहा है।





# हरदीप सिंह पुरी ने नगालैंड के तुएनसांग का दौरा किया, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से बातचीत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोहिमा/भाषा।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नगालैंड के तुएनसांग जिले का दौरा किया और उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर में विकास हो रहा है उिन्होंने कहा कि तुएनसांग में उज्ज्वला योजना के इतने सारे लाभार्थियों को देखकर उन्हें खुशी हुई।

ग्रामीण और वंचित गरीब परिवारों को रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए, सरकार ने गरीब घरों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की थी।

पुरी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, केंद्र ने कई योजनाएं शुरू कीं, जिससे देश के लोगों, विशेषकर महिलाओं, के जीवन स्तर में सुधार हुआ।

बयान के अनुसार, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे पुरी ने कहा कि वह तुएनसांग शहर में शॉपिंग मॉल और पार्किंग परियोजना शुरू करेंगे।

यात्रा के दौरान, उनके साथ राज्य के आवास मंत्री बाशांगमोंगबा चांग, युवा संसाधन और खेल सलाहकार केओशु यिमखिउंग, विधायक इम्तिचुबा और बेनी एम लाम्थिउ तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बेंजामिन येपथोमी भी मौजूद थे।

# बघेल लोगों को बताएं कि दुबई में बैठे घोटाले के आरोपियों से उनके क्या संबंध हैं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दुर्ग (छत्तीसगढ़)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को राज्य की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे घोटाले (महादेव सट्टेबाजी ऐप) के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं उिन्होंने दुर्ग जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए देश की जनता से वादा किया कि कोविड-19 के दौरान शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा।

कांग्रेस पर उन्हें और पूरे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय को गाली देने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि वह गालियों से नहीं डरते। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों को लेकर राज्य सरकार को घेरा उिन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार आपको (छत्तीसगढ़ को) लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। इन्होंने तो महादेव (महादेव सट्टेबाजी ऐप को लेकर) के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है। वहां रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि यह पैसा सट्टेबाजों का है, जुआ खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों को, छत्तीसगढ़ के नौजवानों को लूट कर जमा किया था। लूट के इसी पैसे से कांग्रेस नेता अपना घर भर रहे हैं।''

मोदी ने कहा, ''यहां की कांग्रेस पार्टी को, यहां की सरकार को, यहां के मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता को बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपियों के साथ उनके क्या संबंध हैं।'' उन्होंने सवाल किया, ''आखिर क्यों यह पैसा पकड़े जाने के बाद यहां के मुख्यमंत्री बौखला गए हैं। वह मैदान में उतर आए हैं।''

ईडी के जांच दल ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दो दिन पहले छापा मार कर लगभग पांच करोड़ रुपये नगद बरामद किया था। ईडी ने शुक्रवार को दावा किया कि फोरेंसिक जांच और 'कैश कूरियर' के बयान से 'चौंकाने वाले खुलासे' हुए हैं कि महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अब तक लगभग 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह जांच का विषय है। मोदी ने देश की जनता से वादा किया कि कोविड-19 के दौरान शुरू की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा उिन्होंने कहा, ''जब कोरोना का संकट आया तब गरीब की सबसे बड़ी चिंता थी कि वह अपने बच्चों को खाना क्या खिलाएंगे...तब मैंने तय किया किसी गरीब को मैं भूखे नहीं सोने दूंगा इसलिए भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की.. यह योजना दिसंबर में पूरी हो रही है ...देश के गरीब भाई-बहनों को दुर्ग की धरती से बताना चाहता हूं कि मैंने निश्चय किया है कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली योजना को भाजपा सरकार अगले पांच साल के लिए और बढ़ाएगी।''

प्रधानमंत्री ने कहा, 'ये कांग्रेसी दिन-रात मोदी को गाली देते हैं। हर दिन मैं ढाई किलो गलियां खाता हूं। यहां के मुख्यमंत्री (बघेल) ने देश की जांच एजेंसियों को भी गाली देना शुरू कर दिया है। भ्रष्टाचारियों का हिसाब करने के लिए ही तो आपने मोदी को दिल्ली भेजा है।

# ओडिशा के कोरापुट जिले का सांस्कृतिक उत्सव 'परब-2023' शुरू



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोरापुट/भाषा।** ओडिशा के आदिवासी बहुल कोरापुट जिले के बोरीगुम्मा में एक महीने तक चलने वाला वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'परब-2023' पारंपरिक और जीवंत तरीके से शुरू हुआ। वर्ष 1996 से मनाए जा रहे इस उत्सव का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान करना तथा क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के साथ ही इसे संरक्षित करना है।

हजारों आदिवासियों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर शुक्रवार को त्योहार का जश्न मनाया और लोक संगीत की धुन पर नृत्य किया। उत्सव का 'पहला अनुष्ठान' बोरीगुम्मा के प्रतिष्ठित मां भैरबी मंदिर में हुआ। कोरापुट के जिलाधिकारी अब्ददाल एम. अख्तर ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महोत्सव की क्षमता पर जोर देते हुए कहा, महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और प्रचार करना है। हमें विश्वास है कि इस वर्ष का परब भागीदारी और जीवंतता के लिए याद किया जाएगा उन्होंने कहा, ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गुप्तेश्वर के गुफा मंदिर सहित जिले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। 'परब-2023' उत्सव में खेल प्रतियोगिता, आदिवासी नृत्य, गीत, पारंपरिक वाद्ययंत्रों वाला संगीत, मिनी मैराथन और ट्रैकिंग सहित विविध प्रकार की गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर पर उत्सव-सह-प्रतियोगिता सरकारी कॉलेज मैदान में 25 से 27 दिसंबर तक मनाए जाने वाले मेगा समारोह से पहले 24 नवंबर तक चलेगी। जेपोर के विधायक तारा प्रसाद बाहिनीपति ने कहा, इस साल जिले की छिपी हुई प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए पंचायत स्तर पर परब मनाने का निर्णय लिया गया है।

## ओडिशा को पवन ऊर्जा क्षेत्र में 4,940 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले

**नई दिल्ली/भाषा।** ओडिशा सरकार को पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेशकों से 4,940 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी उिन्होंने कहा कि शुक्रवार को यहां सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए नोडल एजेंसी ग्रिडको ने अपने तकनीकी भागीदार आईफॉरेस्ट के सहयोग से पवन ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों का पता लगाने के लिए 'ओडिशा पवन ऊर्जा शिखर सम्मेलन - निवेशक गोलमेज' का आयोजन किया।

इस अवसर पर, संभावित निवेशकों ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और सरकारी नोडल एजेंसी ग्रिडको के अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठक की। इसमें पवन ऊर्जा की 575 मेगावाट क्षमता के लिए विभिन्न निवेशकों द्वारा 4,940 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव का आश्वासन दिया गया।

शिखर सम्मेलन में देश भर के 25 प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन ने पवन ऊर्जा उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र में प्रमुख इकाइयों को एक साथ लाने में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया। मुख्य सचिव पीके जेना ने अपने संबोधन में ओडिशा में बिजली संयंत्रों और विनिर्माण केंद्रों की स्थापना के लिए पवन उद्योग को व्यापक समर्थन देने के राज्य के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया।

# कांग्रेस सट्टेबाजों के अवैध धन का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए कर रही: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अवैध रूप से संचालित महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों से 500 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने चुनाव प्रचार अभियान के वित्तपोषण के लिए इस ऐप के हवाला धन का इस्तेमाल किया।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पहले कभी ऐसा सबूत सामने नहीं आया, जो इस बात की ओर स्पष्ट इशारा करता हो कि कांग्रेस नेतृत्व ने हवाला गतिविधियों में शामिल लोगों के निर्देश और गरीबों को लूटकर दुबई से आए पैसे का इस्तेमाल चुनाव लड़ने के लिए किया है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि बघेल ने भ्रष्टाचार को पुन: परिभाषित किया है। स्मृति ईरानी ने इस बात पर जोर दिया कि उन राज्यों से भी सबूत मिले हैं, जिनमें भाजपा की सरकार नहीं है और इन सबूतों ने कांग्रेस नेतृत्व को भी दोषी ठहराया है उिन्होंने कहा कि बघेल लोगों के समर्थन से नहीं, बल्कि हवाला और सट्टेबाजी में शामिल लोगों की मदद से चुनाव लड़ रहे हैं। ईरानी ने कहा, ''सत्ता में रह कर सट्टे का खेल खेला है।'' दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने भाजपा पर सात और 17 नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें निशाना बनाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## वैमनस्यता को बढ़ावा देने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वैमनस्यता को बढ़ावा देने के लिए लंका थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) इकाई के अध्यक्ष की तहरीर पर यह मामला दर्ज किया गया है। पुलिस निरीक्षक सहजानंद श्रीवास्तव ने बताया कि एबीवीपी की काशी हिंदू विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह की लिखित तहरीर पर अजय राय के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 505(2) (वैमनस्यता को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि अजय राय ने बीएचयू-आईआईटी की छात्रा से छेड़छाड़ मामले में एबीवीपी के छात्रों को जिम्मेदार ठहराया था। एबीवीपी की काशी हिंदू विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह का आरोप है कि अजय राय ने पत्रकार वार्ता के दौरान बीएचयू परिसर में छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं की संलिप्तता बतायी है जो कि पूर्ण रूप से निराधार है।



## कांग्रेस और एआईयूडीएफ का है मुसलमानों के साथ वोट का रिश्ता: हिमंत विश्व शर्मा

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि असम में कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईडीयूएफ) का मुसलमानों के साथ 'वोट का रिश्ता' है और सालों से इन दलों ने 'डर का माहौल' पैदा कर वोट मांगे हैं। शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों दलों का तब तक ही प्रवासी मूल के मुसलमानों के साथ संबंध है जबतक उन्हें वोट मिल रहे हैं, लेकिन इन्होंने उन क्षेत्रों के विकास के लिए कोई कदम नहीं उठाया, जहां वे (मुसलमान) रहते हैं उिन्होंने कहा कि इन दोनों दलों ने मुसलमानों के लिए किसी सड़क, पुल, विद्यालयों और महाविद्यालयों का निर्माण नहीं किया उिन्होंने कहा, ''प्रथम कदम के तौर पर, हमने असमी मूल के मुसलमानों की जिंदगी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं तथा शीघ्र ही उनके बारे में सर्वेक्षण किया जाएगा।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बाकी (प्रवासी) मुसलमानों के लिए भी नये विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं स्वास्थ्य संगठनों की स्थापना के साथ ही मदरसा शिक्षा के संबंध में कदम उठाए, बाल विवाह रोकने के प्रयास किए तथा आवाजाही में सुधार के लिए पुलों का निर्माण किया तथा विद्युतीकरण के सिलसिले में कदम उठाए। शर्मा ने कहा, ''हम 'जन हितैषी' के रूप में मुसलमानों के इस वर्ग के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि हमें उनसे वोट मिलने की उम्मीद नहीं है। नेता मतदाताओं से वोट मिलने की आस में उनके लिए काम करते हैं तथा उनके प्रति जनसेवा में स्वार्थ की भावना भी होती है और बदले में वे उम्मीद करते हैं कि यह वोट में परिवर्तित होगी।''

## भाजपा ने छत्तीसगढ़ के अपने घोषणापत्र में हमारे चुनावी वादों की नकल की: कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जारी घोषणापत्र में उसके चुनावी वादों की नकल की गई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि जो लोग कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की पांच 'गारंटी' की आलोचना करते थे वे अब छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' की बात कर रहे हैं। भाजपा ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें राज्य के किसानों से 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने, महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये एवं पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र को 'छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी 2023' नाम दिया गया है। रमेश ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा ने छत्तीसगढ़ में अपना घोषणापत्र जारी किया है। प्रधानमंत्री पहले 'रेवड़ी' की आलोचना करते थे, 'गारंटी' की आलोचना करते थे। अब भाजपा की ओर से नकल किया हुआ घोषणापत्र जारी हुआ है। इसमें सस्ते एलपीजी सिलेंडर देने की बात की गई है, धान खरीद की बात की गई है।'' उन्होंने कहा, ''जब कर्नाटक में राहुल गांधी जी ने 'गारंटी' शब्द का इस्तेमाल किया था, तो खूब आलोचना की गई थी। अब भाजपा ने 'मोदी की गारंटी' जारी की है।''

# कांग्रेस के बहिष्कार के बावजूद 'केरलीयाम' में शामिल हुए मणिशंकर अय्यर

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के बहिष्कार के बावजूद पार्टी के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने शनिवार को राज्य की वाम सरकार द्वारा आयोजित 'केरलीयाम' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को 'पैसों की बर्बादी' करार दिया था। अय्यर ने इससे जुड़ी एक संगोष्ठी में हिस्सा लिया और विकेंद्रीकरण के क्षेत्र में दक्षिणी राज्य की उपलब्धियों की प्रशंसा की।

पूर्व केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अतिरिक्त मुख्य सचिव से यह जानकर प्रसन्नता हुई कि केरल में पंचायती राज विभाग का मुख्य उद्देश्य पहले से ही अत्यधिक गरीबी को दूर करना रहा है, जिस पर आगे भी काम जारी रहेगा उिन्होंने कहा कि इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि दक्षिणी राज्य में एक भी गरीब व्यक्ति न हो उिन्होंने कहा,' ऐसा प्रतीत हो रहा है कि केरल हर आंख से आंसू पोंछने में सफल होने वाला पहला राज्य बनने जा रहा है। मैं केरल के



लोगों को बधाई देना चाहता हूं।' अय्यर को देश में पंचायती राज व्यवस्था के प्रमुख वास्तुकारों में से एक के रूप में जाना जाता है उिन्होंने कहा कि वह इस ''शानदार उपलब्धि'' को लेकर राज्य के लोगों को बधाई देते हैं न कि वामपंथी सरकार को। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकारें विशेष अंतराल पर बदल सकती हैं लेकिन इससे पंचायती राज के प्रति केरल की प्रतिबद्धता में कोई फर्क नहीं पड़ता है। राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी(माकपा) के नेतृत्व वाली सरकार के 'केरलीयाम' कार्यक्रम के बहिष्कार की घोषणा करते हुए कहा था कि जब राज्य गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहा है तो यह एक 'फिजूलखर्ची' है।

## पूर्व विधायक विजय मिश्रा को दुष्कर्म मामले में 15 वर्ष की सजा

**भदोही (उप्र)/भाषा।** भदोही के ज्ञानपुर से चार बार विधायक रह चुके गैंगस्टर विजय मिश्रा को एक गायिका से कई बार दुष्कर्म करने के जुर्म में एक एम.पी./एम.एल.ए. अदालत ने शनिवार को 15 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश सुबोध सिंह की अदालत ने दोषी विजय मिश्रा पर 1,10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। विजय मिश्रा, भदोही की ज्ञानपुर सीट से सपा के टिकट पर तीन बार और निषाद पार्टी के टिकट पर एक बार विधायक रह चुका है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, सत्तर वर्षीय विजय मिश्रा की बेटी सीमा मिश्रा ने 2014 में सपा के टिकट पर भदोही लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उसी दौरान, वाराणसी की एक गायिका को एक कार्यक्रम के लिए विजय मिश्रा ने अपने घर बुलाया था और उसके साथ दुष्कर्म किया।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि संगीत कार्यक्रम के बाद विजय मिश्रा ने अपने बेटे विष्णु मिश्रा और एक रिश्तेदार विकास मिश्रा को गायिका को वाहन से वाराणसी छोड़ने को कहा जिस पर इन दोनों ने भी रास्ते में एक कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। विजय मिश्रा ने उसी गायिका से वाराणसी, भदोही और प्रयागराज में कई बार दुष्कर्म किया और वीडियो काल पर उससे अश्लील बातें की जिससे तंग आकर गायिका वाराणसी छोड़कर मुंबई चली गई। जिला शासकीय अधिवक्ता दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि विजय मिश्रा ने प्रयागराज आकर अपने जिस रिश्तेदार के घर पर शरण लेकर राजनीति शुरू की।

# 'प्रिंस आफ कोलकाता' के शहर में 'किंग कोहली' का जबर्दस्त क्रेज


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** सायन सरकार जलपाईगुड़ी से , सजल बिहार के अररिया से और प्रदुम्न ओडिशा के कटक से सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके यहां सिर्फ विराट कोहली को उनके जन्मदिन पर खेलते देखने पहुंचे हैं और ईडन गार्डन के आसपास भारतीय टीम की 18 नंबर की जर्सी ही चारों ओर नजर आ रही है ।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को होने वाले विश्व कप मैच से पहले 'प्रिंस आफ कोलकाता' सौरव गांगुली के शहर में में 'किंग कोहली' का खुमार सिर चढकर बोल रहा है । दूर दराज से आए युवा प्रशंसकों से लेकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी बेचने वालों तक सभी की जुबां पर रविवार को अपना 35वां जन्मदिन मना रहे कोहली का ही नाम है। जलपाईगुड़ी से अपने दस दोस्तों के साथ बस से सुबह छह बजे यहां पहुंचे सायन ने भाषा से कहा ,''सचिन के बाद हमें विराट कोहली ही पसंद है ।वह देश का आइकन है और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं । विराट एक खिलाड़ी नहीं बल्कि हमारे लिए इमोशन है ।'' सिलीगुड़ी में बैंकिंग का कोर्स कर रहे सिद्धार्थ डे ने कहा ,'' विराट का कोई विकल्प नहीं है ।तीसरे स्थान पर उसके जैसा कोई बल्लेबाज नहीं है ।हमने अपने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर उसे यहां खेलते देखने आए हैं । आईपीएल में भी आरसीबी का मैच देखने ही हम आए थे । कल तक टिकट के लिए ट्राय करेंगे वरना आपस में ही विराट का जन्मदिन मनायेंगे । हमारी यही दुआ है कि वह शतक जमाकर सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करे ।'' मैदान मार्केट इलाके में भारतीय टीम की जर्सी बेच रहे मोहम्मद इमरान ने कहा कि कोहली की 18 नंबर की जर्सी की मांग सबसे ज्यादा है और उसके बाद रोहित शर्मा का नंबर है उिन्होंने कहा ,'' अभी तक मैं करीब 1000 जर्सी बेच चुका हूं और 80 प्रतिशत 18 नंबर जर्सी बिकी है । उनके अलावा रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह की जर्सी भी लोग मांग रहे हैं । कल मैच के दिन बिक्री जबर्दस्त रहने की उम्मीद है और मैं कोहली की और जर्सी मंगवा रहा हूं ।''

## भारतीय गेंदबाजों के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा : दक्षिण अफ्रीकी कप्तान बावुमा



**कोलकाता/भाषा।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय गेंदबाजों से मिलने वाली चुनौती से वाकिफ दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने शनिवार को कहा कि उनके बल्लेबाजों को ईडन गार्डंस पर रविवार को होने वाले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । इस विश्व कप की शीर्ष दो टीमें लीग चरण में पहली बार आमने सामने होंगी । भारत ने अभी तक सभी सात मैच जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका ने छह मैच जीते हैं और एकमात्र पराजय नीदरलैंड के खिलाफ झेली । भारत ने पिछले मैच में श्रीलंका को 302 रन से और दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 190 रन से हराया। बावुमा ने मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हमारी टीम में ईडन गार्डन पर खेलने को लेकर काफी रोमांच है ।इस मैदान का अपना इतिहास रहा है और यहां भारत के खिलाफ खेलना रोचक होगा । हम भारत जैसी टीम के खिलाफ खुद को परखने को लेकर बेताब हैं ।'' उन्होंने कहा ,''भारत के पास भारतीय हालात के लिए विश्व स्तरीय गेंदबाजी आक्रमण है। हम सारे बेस कवर करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कहीं तैयारी में कोई कमी नहीं रह जाए।'' इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा ,''भारतीय गेंदबाज बहुत ज्यादा ढीली गेंदें नहीं डालते हैं । बुमराह, सिराज, शमी सभी काफी आक्रामक गेंदबाज हैं और नई गेंद में उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं है।''

# टखने में फिर सूजन होने के कारण हार्दिक पंड्या विश्व कप से बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा टीम में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के स्टार आल राउंडर हार्दिक पंड्या टखने की चोट से उबरने में असफल रहने के बाद शनिवार को विश्व कप से बाहर हो गए। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार 17 वनडे खेलने वाले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को पंड्या की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पंड्या 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए बायें टखना चोटिल करा बैठे थे। इसके बाद वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए।

पंड्या ने 'एक्स' पर लिखा, ''यह बात पचा पाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के बचे हिस्से में नहीं खेल पाऊंगा। मैं टीम के साथ रहूंगा और प्रत्येक मैच में प्रत्येक गेंद पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करूंगा। आप सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिए शुक्रिया। आप सभी का सहयोग शानदार रहा है। यह टीम विशेष है और मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम प्रत्येक को गौरवान्वित करें।'' राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों के मुताबिक पंड्या ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन उनके टखने में फिर सूजन आ गई इसलिए टूर्नामेंट के बाकी हिस्से में उनके खेलने की कोई संभावना ही नहीं थी। इस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''जैसा कि पहले कहा गया है कि पंड्या को कोई फ्रैक्चर नहीं है, यह सिर्फ मामूली 'टीयर' है। उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी थी लेकिन अचानक ही बायें टखने में सूजन आ गई और वह गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं थे।'' उन्होंने कहा, ''यह ऐसी चोट नहीं थी जिसे इंजेक्शन से ठीक किया जा सके। गुरुवार को उनके टखना काफी ज्यादा सूज गया था और जब तक यह सूजन कम नहीं होती, वह कुछ और समय के लिए ट्रेनिंग नहीं कर सकते। ''



## सुविचार

इन्सान ख्वाहिशो से बंधा एक जिद्दी परिंदा ? है, जो उम्मीदों से ही घायल है, और उम्मीदों से ही जिंदा है।

## ट्वीट

आज चूरू विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री हरलाल सहारण जी की नामांकन सभा में शामिल होकर उपस्थित जनसमूह को आगामी 25 नवंबर को कमल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा को जिताने का संकल्प दिलवाया।चूरू मेरा पहला प्यार है जिसका मान-सम्मान निरंतर बनाये रखने के लिए भाजपा का जीतना बेहद जरूरी है।

-राजेन्द्र राठौड़

ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सशस्त्र विद्रोह का बिगुल बजाकर देश की आजादी के लिए क्रान्ति की ज्वाला प्रज्वलित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी वासुदेव बलवंत फड़के जी की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन। राष्ट्र के प्रति उनका बलिदान और समर्पण हर देशवासी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

-ओम बिरला

## कहानी

सुधीर केवलिया
फोन नं. : 09413279217



# संस्कार की रोशनी



गुजरते वक़्त के साथ शाम होने के बाद अंधेरे ने भी अपनी चादर फैला दी थी। खाना खाकर अमर और उसकी पत्नी सरला को बेड पर लेटे हुए कब नींद आ गई उन्हे पता ही नहीं चला। अचानक अमर की नींद खुली तो देखा कि घड़ी में सुबह के पांच बजे थे। थोड़ी देर बाद ही अंधेरे की चादर को चीरकर सूरज अपनी लालिमा बिखेरने लगा था। अमर का पुत्र संजय और पुत्रवधू वृन्दा अभी तक नहीं आए थे। जबकि ट्रेन पहुंचने का समय कभी का निकल चुका था। एक सप्ताह पहले संजय ने अमर को फोन पर बताया था कि वह और वृन्दा छुट्टियां बिताने बेंगलूरु और मैसूर जा रहे थे। संजय और वृन्दा हैदराबाद में एक ही कंपनी में काम करते थे। संजय कंप्यूटर इंजीनियर और वृन्दा एच आर मैनेजर थी। सात महीने पहले ही दोनों का विजातीय प्रेम विवाह हुआ था। इनका विवाह दोनों के परिवारों की रजामन्दी से हुआ था। लेकिन सरला अपनी बहू वृन्दा के संस्कारों, उसके समाज और परिवार के रीति रिवाजों के ज्ञान को लेकर आशंकित रहती थी। जबकि वह अपनी बहू के साथ रही बहुत कम ही थी।

संजय और वृन्दा के इस बार नहीं आने से सरला का मूड बहुत उखड़ा सा लग रहा था। क्योंकि संजय पहले पढ़ाई और बाद में नौकरी के कारण बाहर रहने के बावजूद दीपावली के त्योहार पर हमेशा घर आता था। वही आकर घर पर लाइटें आदि लगाने की व्यवस्था करता था। सरला के मन में संजय और वृन्दा के इस व्यवहार के प्रति बिना कारण जाने कई तरह की आशंकाएं जन्म लेने लगीं थी। उसके मन मे उठने वाले तरह-तरह के सवाल कि क्या संजय अपने माता-पिता के साथ दीपावली का त्योहार मनाने का दिन और तारीख ही भूल गया ? क्या उसने वृन्दा को भी इस बारे में कभी नहीं बताया ? यह संभव तो नहीं था फिर क्या वृन्दा ने उसे यहां आने से मना कर दिया ? संजय इतना लापरवाह तो पहले कभी नहीं था ? अभी इनके विवाह को वक़्त ही कितना हुआ है ? क्या सात महीने में वृन्दा ने संजय को अपने हिसाब से अपने कहने में कर लिया ? ये सवाल उसे परेशान करने लगे थे। इनमें से किसी भी सवाल का जवाब उसके पास नहीं था।

अमर को सरला के व्यवहार में कुछ परिवर्तन महसूस होने लगा था। असामान्य व्यवहार का कारण उसे समझ नहीं आ रहा था। उसके बार- बार पूछने पर सरला ने कहा, दोपहर के बारह बजने को हैं अभी तक संजय और वृन्दा के आने कोई पता नहीं है।क्या उन्हे पता नहीं कि आज दीपावली का त्योहार है ? आना चाहते तो दिल्ली से ट्रेन से सुबह यहां आ सकते थे। दोनों मजे से बेंगलूरु में घूम रहे हैं। उन्हे हमारी फिक्र ही नहीं। मैं तो शुरु से वृन्दा के व्यवहार के प्रति आशंकित थी। अलग जाति ,परिवार और परिवेश से आई लड़की हमारे घर , परिवार के बारे में कुछ नहीं जानती। बस उसने हमारे संजय को अपने जाल में फंसा लिया और संजय ने भी अपने घर परिवार के बारे में सोचे बिना हम पर दबाव डालकर उससे विवाह कर लिया। एक ही लड़का है इसलिए मैंने नहीं चाहते हुए भी आपकी सहमति देखते हुए अपना मुंह बंद रखा। सात महीने में ही कलई खुल गई। वृन्दा की तो छोड़ो हमारा अपना खून ही यह दिन भूल गया ?

यह सुनकर अमर भी कुछ देर के लिए सोच में पड़ गया । उसने संजय को मोबाइल पर कॉल किया तो कनेक्टिविटी सही नहीं होने के कारण कॉल नहीं हो पाई । यह जानकर सरला और अधिक भड़क गई। घड़ी में दोपहर का एक बज रहा था। संजय और वृन्दा के व्यवहार के बारे में अमर कुछ सोचता इससे पहले ही डोरबेल बजने से उसका ध्यान भंग हुआ। सरला ने दरवाजा खोला तो वह आश्चर्यचकित रह गई। क्योंकि दरवाजे पर कोई और नहीं संजय और वृन्दा खड़े थे।

दोनों ने घर में आकर सरला और अमर के चरण स्पर्श कर उन्हे दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दी। बच्चों को अपने पास पाकर सरला और अमर की आंखों से खुशी के आंसू निकल गए।

कुछ ही देर में डोरबेल फिर बजी तो देखा कि बाहर कोई व्यक्ति दीपावली पर घर को लाइटों से सजाने के लिए और एक व्यक्ति पूजा का सामान देने के लिए आया था। यह सब बच्चों ने हैदराबाद से ही बुक करा दिया था। संजय कहने लगा कि , हमारी इस सरप्राइज विज़िट का सुझाव वृन्दा ने दिया था। उसका यह सुझाव मुझे पसंद आया। बेंगलूरु से दिल्ली तो हम कल रात को नौ बजे फ्लाइट से पहुंच गए थे। वहां से रात को ग्यारह बजे रवाना होकर आने वाली ट्रेन जो सुबह यहां सात बजे पहुंचती है, वह इतनी लेट थी कि यहां दोपहर एक बजे पहुंची । थोड़ी देर पहले सरला ने गुस्से में आकर बच्चों के बारे में जो कुछ भी कहा अमर और सरला उसको भूल गए थे।

बच्चों के साथ बातें करते वक़्त का पता ही नहीं चला। शाम ढलने को थी।रात होते ही उनका घर अंदर और बाहर से रंग - बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा था। पूजा और त्योहार की मिठाई संजय बेंगलूरु से लेकर आया था।संजय ने सभी को पूजा के लिए तैयार होने के लिए कहा और खुद भी तैयार होने चला गया। कुछ ही देर बाद डोरबेल बजने पर अपने कमरे में से सरला और अमर ने पूछा कि कौन है तो संजय ने कहा कोई नहीं है। तैयार होने के बाद डाइनिंग टेबल के पास कुर्सी पर बैठी सरला की किसी महिला ने अपनी हथेलियों से दोनों आंखें बंद कर दी। इससे पहले कि अमर भी कुछ समझ पाता संजय ने उसे चुप रहने का इशारा किया। सरला की आंखें उन हथेलियों की कैद से जब आजाद हुई तो देखा कि उसके सामने उनकी विदेश में रह रही पुत्री रश्मि अपने पति और बच्चों के साथ खड़ी थी। उसे यह सब देखकर यकीन ही नहीं हो रहा था कि वह जो देख और महसूस कर रही थी वह सच था या सिर्फ ख़्वाब। मां अपनी बेटी रश्मि से गले मिलकर भावुक हो गई।

रश्मि ने उनको बताया कि , संजय और वृन्दा का एक महीने पहले ही इस प्रोग्राम के लिए फोन आया था। हमने भी उनके अनुसार एक सप्ताह के लिए अपना यहां आने का प्रोग्राम बनाया। हम आज सुबह ही दिल्ली पहुंचे हैं। वहां से कार टैक्सी से यहां आए हैं । पूजा और खाना खाने के बाद हम सब बाहर चलेंगे। वृन्दा के इस सुझाव से हम सब को साथ में रहने का अच्छा मौका मिला है।

वृन्दा के संस्कार और परिवार के प्रति उसकी भावना देखकर अमर और सरला की आंखें खुशी से नम हो गईं। उसका स्वभाव और व्यवहार वाकई उनके लिए प्रशंसनीय था। वृन्दा जैसी पुत्रवधू पाकर वे अपने को खुशकिस्मत समझ रहे थे। सरला के मन से वृन्दा के प्रति किसी भी तरह की आशंका के बादल छंट गए थे। उसने खुशी से अपनी नम आंखों से वृन्दा को गले लगा लिया और ढेरों आशीर्वाद देने लगी । उनके परिवार के आँगन में मानो वृन्दा के संस्कार की रोशनी में खुशी के असंख्य दीपक एक साथ जल उठे थे।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# तमसो मा ज्योतिर्गमय

दीपावली, भारतीय लोकजीवन का सबसे बड़ा त्योहार है। कार्तिक मास की अमावस्या को सम्पन्न होने वाले इस पर्व में घर-घर दीप जलाये जाते हैं। अपने घर में प्रकाश करना मनुष्य की सहज और स्वाभाविक वृत्ति है किंतु घर के साथ परिसर को आलोकित करना उदात्तता है। शतपथ ब्राह्मण का उद्घोष है,

असतो मा सद्गमय,
तमसो मा ज्योतिर्गमय,
मृत्योर्मामृतं गमय...!

'तमसो मा ज्योतिर्गमय' से भौतिक संसार में प्रकाश का विस्तार भी अभिप्रेत है। हर दीप अपने स्तर पर प्रकाश देता है पर असंख्य दीपक सामूहिक रूप से जब साथ आते हैं तो अमावस्या दीपावली हो जाती है। इन पंक्तियों के लेखक की दीपावली पर एक चर्चित कविता है, जिसे विनम्रता से साझा कर रहा हूँ,

अँधेरा मुझे डराता रहा,
हर अँधेरे के विरुद्ध
एक दीप मैं जलाता रहा,
उजास की मेरी मुहिम
शनै:-शनै: रंग लाई,
अनगिन दीयों से
रात झिलमिलाई,
सिर पर पैर रख
अँधेरा पलायन कर गया
और इस अमावस
मैंने दीपावली मनाई !

कथनी और करनी दो भिन्न शब्द हैं। इन दोनों का अर्थ जिसने जीवन में अभिन्न कर लिया, वह मानव से देवता हो गया। सामूहिक प्रयासों की बात करना सरल है पर वैदिक संस्कृति यथार्थ में व्यष्टि के साथ समष्टि को भी दीपों से प्रभासित करने का उदाहरण प्रस्तुत करती है। सामूहिकता का ऐसा क्रियावान उदाहरण दुनिया भर में मिलना कठिन है। यह संस्कृति 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' केवल कहती नहीं अपितु अंधकार को प्रकाश का दान देती भी है।

प्रभु श्रीराम द्वारा रावण का वध करके अयोध्या लौटने पर जनता ने राज्य में दीप प्रज्वलित कर दीपावली मनाई थी। श्रीराम सद्गुण का साकार स्वरूप हैं। रावण, तमोगुण का प्रतीक है। श्रीराम ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर रावण को समाप्त किया था। तम से ज्योति की यात्रा का एक बिंब यह भी है। स्वाभाविक है कि सामूहिक दीपोत्सव का रेकॉर्ड भी भारतीयों के नाम ही है। यह सामूहिकता, सामासिकता और एकात्मता का प्रमाणित वैश्विक दस्तावेज़ भी है।

तथापि सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि वर्तमान में चंचल धन और पार्थिव अधिकार के मद ने आँखों पर ऐसी पट्टी बांध दी है कि हम त्योहार या उत्सव की मूल परम्परा ही भुला बैठे हैं। आद्य चिकित्सक धन्वंतरी की त्रयोदशी को हमने धन की तेरस तक सीमित कर लिया। रूप की चतुर्दशी, स्वरूप को समर्पित कर दी। दीपावली, प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने, मूल्यों की विजय एवं अर्चना का प्रतीक न होकर केवल द्रव्यपूजन का साधन हो गई।

उत्सव और त्योहारों को उनमें अंतर्निहित उदात्तता के साथ मनाने का पुनर्स्मरण हमें करना ही होगा। अपने जीवन के अंधकार के विरुद्ध एक दीप हमें प्रज्वलित करना ही होगा। जिस दिन एक भी दीपक इस सुविधानुसार विस्मरण के अंधेरे के आगे सीना ठोंक कर खड़ा हो गया, यकीन मानिए, अमावस्या को दीपावली होने में समय नहीं लगेगा।

## ज्ञान विज्ञान


# नासा ने खोजा एलियन सोलर सिस्टम

खगोलशास्त्रियों के लिए सबसे बड़ा सवाल है कि क्या इस संसार में हम अकेले हैं या ब्रह्मांड में किसी ग्रह पर कोई और भी जीव है। एक नई खोज ने इस सवाल को लेकर जिज्ञासा को और भी बढ़ा दिया है। एक नया रहस्य ब्रह्मांड में सामने आया है। नासा के रिटायर्ड केपलर अंतरिक्ष टेलीस्कोप ने सात ग्रहों वाले एक सिस्टम को देखा है, जिसमें से प्रत्येक ग्रह हमारे सौर मंडल के किसी भी ग्रह की तुलना में अपने मेजबान तारे से ज्यादा चमकदार गर्मी को प्राप्त करता है।

इस ग्रहीय प्रणाली का नाम केपलर-385 है। इस प्रणाली की खासियत है कि इसके सभी सात ग्रह पृथ्वी से बड़े हैं। लेकिन नेपच्यून से छोटे हैं। केप्लर-385 कुछ ज्ञात ग्रहीय प्रणालियों में से एक है, जिसमें छह से ज्यादा सत्यापित ग्रह या ग्रह उम्मीदवार हैं। केपलर ने अब तक लगभग 4,400 ग्रह उम्मीदवार खोजे हैं। कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली में नासा के एम्स रिसर्च सेंटर के शोध वैज्ञानिक जैक लिसाउर ने कहा, मने केपलर के सबसे उपयुक्त ग्रह के उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार की है।'

लिसौएर नई लिस्ट प्रस्तुत करने वाले पेपर के मुख्य लेखक भी हैं। उन्होंने कहा, 'यह सूची खगोलविदों को एक्सोप्लैनेट की विशेषताओं को गहराई से जानने में सक्षम बनाएगी।' केपलर-385 प्लैनेटरी सिस्टम के केंद्र में सूर्य जैसा एक तारा है। यह हमारे सूर्य से लगभग 10 फीसदी ज्यादा बड़ा औ 5 फीसदी ज्यादा गर्म है। इसके दो ग्रह पृथ्वी से थोड़े बड़े और संभवत: चट्टानी हैं। इनका एक पतला वातावरण हो सकता है। अन्य पांच ग्रह काफी बड़े हैं। प्रत्येक की त्रिज्या पृथ्वी के आकार से लगभग दोगुनी है और उनके घने वायुमंडल में ढके होने की उम्मीद है।

केपलर-385 प्रणाली का इतने विस्तार से वर्णन करने की क्षमता लेटेस्ट कैटलॉग की क्वालिटी दिखाता है। पिछले कैटलॉग का उद्देश्य अन्य सितारों के आसपास ग्रहों की व्यापकता का आकलन करना था। वहीं नए कैटलॉग का उद्देश्य प्रत्येक प्रणाली के बारे में सटीक डेटा प्रदान करना है। केपलर का प्राथमिक अवलोकन 2013 में पूरा हुआ था। उसके बाद इसके मिशन को विस्तार दिया गया, जिसे घ2 के नाम से जाना जाता है, जो



2018 तक जारी रहा। केप्लक की ओर से इकट्ठा किया गया डेटा आज भी नए रहस्यों का खुलासा कर रहा है।

## वीर गाथा

# मेजर मुस्तफा बोहरा: आखिरी लम्हों में भी आम लोगों की ज़िंदगी बचाने की करते रहे फिक्र

मेजर मुस्तफा बोहरा का जन्म 14 मई, 1995 को राजस्थान के उदयपुर जिले के खेरोदा गांव में हुआ था। वे माता फातिमा और पिता जकीउद्दीन बोहरा के बहादुर बेटे थे, जिन्होंने स्कूली पढ़ाई के दौरान ही सैनिक बनने का संकल्प ले लिया था। इसके बाद उन्होंने एनडीए की परीक्षा दी, जिसे सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया।

उन्हें आगामी प्रशिक्षण के लिए देहरादून भेजा गया और बतौर लेफ्टिनेंट नियुक्त किया गया। अपनी पैरेंट यूनिट में कुछ समय तक सेवा देने के बाद उनका चयन उड़ान प्रशिक्षण के लिए हो गया। वे साल 2022 में मेजर बन गए।

वे उत्तर-पूर्व में 252 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन में तैनात थे। यहां स्क्वाड्रन द्वारा एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) का संचालन किया जा रहा था। इक्कीस अक्टूबर को मेजर मुस्तफा बोहरा को बतौर पायलट चालक दल के सदस्यों के साथ हवाई मिशन की जिम्मेदारी सौंपी गई। योजना के अनुसार, चालक दल ने अपने हेलीकॉप्टर से लोअर सियांग जिले के लिकाबली से उड़ान भरी। जैसे ही मेजर मुस्तफा अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले में मिगिंग के आस-पास एक अग्रिम क्षेत्र में पहुंचे, हेलीकॉप्टर को आपातकालीन स्थिति का सामना करना पड़ा।

एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर में आई इस गंभीर तकनीकी खराबी को उस समय ठीक नहीं किया जा सका। मेजर मुस्तफा बोहरा और उनके साथी मेजर विकास भांभू, दोनों ही कुशल पायलट थे, लेकिन उनके पास इतना समय नहीं था कि खराबी को तुरंत ठीक कर सकें। इसके बाद एटीसी को संदेश भेज दिया।

पायलटों को मालूम हो गया था कि अब उनकी ज़िंदगी कुछ सेकंड की बची है, लिहाजा वे हेलीकॉप्टर को ऐसी जगह ले जाने की कोशिश करने लगे, जिससे एक भी आम नागरिक को नुकसान न हो। आखिर में उनका हेलीकॉप्टर एक पहाड़ी पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

खोज एवं बचाव दल ने मेजर मुस्तफा और उनके साथियों के शव बरामद किए थे। मेजर मुस्तफा बोहरा के त्याग और बलिदान पर देशवासियों को हमेशा गर्व रहेगा। उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



## बोध कथा

# गुरु शिष्य और तितली

एक समय एक गुरु और शिष्य बगीचे में बैठे हुए अपने ध्यान चिंतन में मग्न थे, ध्यान चिंतन करते-करते शिष्य देखता है, की एक पौधे के नीचे पत्तों व घांस में एक अण्डा पड़ा हुआ है। और उस उस अंडे के अंदर जो भी जीव, प्राणी है वह अंडे को तोड़ कर बाहर निकलने का प्रयास कर रहा है। और यह प्रयास लगातार चलता रहा, सुबह से दोपहर हो गया फीर दोपहर से शाम हो गया, लेकिन वह प्राणी अंडे से बाहार नहीं निकल पाया था। हालांकि उसके लगातार प्रयास से अण्डा जगह-जगह से टूट गया था और इल्ली (तितली) का थोड़ा सा मुँह बाहर निकल गया। इसी तरह यह कोशिश लगातार दिन रात चलती रही और कई दिन बीत गए, परन्तु इल्ली अभी भी अंडे से बाहर नहीं निकल पायी थी। शिष्य उसे ध्यान से देखता रहता था, शिष्य को इल्ली पर बड़ी दया आ रही थी, की वह प्राणी दिन-रात मेहनत कर रहा है और अण्डा से बाहर आना चाह रहा है परन्तु अण्डा तो थोड़ा-थोड़ा करके ही टूट रहा है। शिष्य को लगा की इस इल्ली के लिए कुछ करना चाहिए। परन्तु गुरजी शिष्य को बोलते की तुम इधर-उधर अपना ध्यान मत भटकाओ और केवल ध्यान में अपना मन लगाओ। अंत में शिष्य से रहा नहीं गया और उसने अण्डे के खोल को तोड़कर इल्ली बाहर निकाल ली, शिष्य इल्ली को अपने हाँथ में लेकर उसे देखने, निहारने लगा। वह बहुत ही प्रसन्न हुआ की मैने इस इल्ली पर दया दिखाते हुए इसकी जान बचा ली, परन्तु वह इल्ली मुश्किल से 2, 3 घंटे तक जीवित रही फिर मर गयी। शिष्य को बहुत दुःख हुआ वह समझ नहीं पाया की आखिर ऐसा क्यों हुआ।

उसने गुरूजी से पूछा की गुरूजी ऐसा क्यों हो गया। गुरूजी बोले तुमने इस अण्डे को जीवन देने के बजाय इसकी जीवन ले ली। तुमने उस इल्ली की पीड़ा देखी जबकि वास्तव में वह पीड़ा थी ही नहीं, इल्ली बार-बार अपने पंख से अण्डे पर प्रहार किये जा रही थी। जिससे उसके पंखो पर मजबूती आ रही थी और कुछ दिन बाद उसके पैर मजबूत हो भी जाते, वह खुद से उस अण्डे को तोड़ पाती, फीर वह स्वतंत्र होकर घूमती फिरती फूलों का आनंद लेती। दोस्तों इस छोटी सी कहानी का सार यह है की हम अपने बच्चों को या किसी अपने को या फिर खुद को तकलीफ देना ही नहीं चाहते हम चाहते है की उन्हें बिना तकलीफ किये ही सारा सुख मिले। प्रयाश करना, हार जाना, फिर प्रयास करना, और प्रयाश करते रहना। हम ये नहीं चाहते, हम यह चाहते है की हमे बिना प्रयास किये सफलता मिले, हमे जीवन में कोई कष्ट उठाना ना पड़े। दुःख तकलीफ होने पर रोते तो सभी हैं, पर बहुत कम ही ऐसे लोग होते हैं जो संघर्ष करते हैं। अधिकतर लोग अपने जीवन से समझौता किये हुए होते है और डर-डर कर अपना जीवन गुजार देते हैं। याद रखिये परिस्थितियों को बदलने का नाम ही संघर्ष है।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## प्रदर्शनी



टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन शनिवार को जमशेदपुर के सेंटर फॉर एक्सीलेंस में टाटा स्टील द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

# मोदी कहते हैं कि देश में सिर्फ एक जाति 'गरीब' फिर खुद को ओबीसी क्यों कहते हैं ? : राहुल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जगदलपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि यदि वह कहते हैं कि देश में सिर्फ एक ही जाति 'गरीब' है तब वह खुद को बार-बार 'ओबीसी' क्यों कहते हैं? गांधी ने शनिवार को बस्तर जिले के जगदलपुर जिला मुख्यालय में चुनावी रैली को संबोधित करते कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी इसलिए कहते हैं क्योंकि वह आदिवासियों को दिखाना चाहते हैं उनकी जगह कहां होनी चाहिए। राज्य में 90 सीटों के लिए हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

कांग्रेस नेता ने आदिवासी बाहुल्य बस्तर जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'आज अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा की हिंदुस्तान में एक ही जाति है। वह हिंदुस्तान का गरीब है। वह कह रहे हैं कि इस देश में ना दलित है, ना आदिवासी है और ना पिछड़े हैं।

हम सब जानते हैं कि इस देश में आदिवासी हैं, आदिवासी भाषाएं हैं, आदिवासी संस्कृति हैं और आदिवासी इतिहास है। यहां दलित हैं, दलितों के साथ अपमान किया जाता है, उन्हें हर रोज तंग किया जाता है। पिछड़ों को जो हक मिलना चाहिए वह नहीं मिलता। लेकिन हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कहते हैं कि हिंदुस्तान में सिर्फ एक जाति है, वह गरीब है। यदि एक ही जाति है तो फिर आप अपने आप को ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) क्यों कहते रहते हैं। हर भाषण में क्यों कहते रहते हैं कि मैं ओबीसी हूं।' प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को दुर्ग जिले में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि उनके लिए देश में सबसे बड़ी जाति 'गरीब' है और वह उनके 'सेवक' हैं। विरोधी राजनीतिक दल गरीबों को बांटने और जातिवाद का जहर फैलाने के लिए नयी-नयी साजिशें रच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा था कि कांग्रेस ने ओबीसी प्रधानमंत्री को गाली दी। कांग्रेस ओबीसी समुदाय को गाली क्यों देती है? यह 'साहू' (छत्तीसगढ़ में एक प्रभावशाली ओबीसी समुदाय) को चोर क्यों कहते हैं। गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नेता आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। उन्होंने कहा, 'नरेन्द्र मोदी जी ने, आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के लोगों ने और भाजपा नेताओं ने आदिवासियों के लिए नया शब्द निकला है,वनवासी। आदिवासी और वनवासी शब्द में बहुत बड़ा फर्क है..आदिवासी का मतलब है कि जो इस देश के पहले असली मालिक हैं। आदिवासी का मतलब होता है देश का जल, जंगल और जमीन एक दिन आपका हुआ करता था... भाजपा इस शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहती है क्योंकि यदि भाजपा इस शब्द का प्रयोग करेगी को उसे आपके जल जंगल जमीन आपको वापस देनी होगी।'

# गिनी में बंदूकधारियों ने बोला जेल पर धावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोनाक्री (गिनी)। गिनी की राजधानी कोनाक्री में शनिवार तड़के बंदूकधारियों ने एक प्रमुख जेल पर धावा बोलकर पूर्व तानाशाह मूसा दादिस कैमारा को छुड़ा लिया। देश के न्याय मंत्री चार्ल्स अल्फोंस राइट ने यह जानकारी दी। उन्होंने पश्चिम अफ्रीकी देश गिनी की सीमाओं को बंद करने की घोषणा भी की। कोनाक्री के कालूम जिले में भारी गोलीबारी के कुछ घंटे बाद राइट ने यह घोषणा की है। जेल से भागने वाले अन्य लोगों में क्लाउड पिवी और ब्लेज गौमौ भी शामिल हैं, जिन्हें कैमारा के साथ 2009 में स्टेडियम में हुए नरसंहार के आरोप में हिरासत में लिया गया था, जिसमें 157 लोगों की मौत हो गई थी। राइट ने स्थानीय रेडियो फिम एमएम पर कहा, हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे। जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चौथे कैदी मूसा टीगबोरो कैमारा को पहले ही पकड़ लिया गया है। कैमारा लंबे समय पर देश की सत्ता पर काबिज रहे तानाशाह लंसना कोंते की मौत के बाद 2009 में हुए तख्तापलट के पश्चात सत्ता में आया था।

# जयशंकर ने इटली के राष्ट्रपति से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रोम। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैतरेला और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इटली के अपने समकक्ष एंतोनियो ताजानी के निमंत्रण पर रोम पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा संपन्न की। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैठक के दौरान इटली के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और भारत-इटली तथा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को गहरा बनाने के लिए अपने मजबूत समर्थन को दोहराया।

जयशंकर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके (मैतरेला) मागदर्शन को अहमियत देता हूं। एक अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-इटली का संबंध स्थिरता का कारक है। विदेश मंत्री ने इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रोसेतो के साथ भी बैठक की और इस दौरान रक्षा विनिर्माण और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक सहयोग समेत कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत की। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जयशंकर की इटली यात्रा ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से कायम ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ किया है और समकालीन वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों समेत रणनीति साझेदारी के विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढाया है। उन्होंने इटली के उद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो से भी मुलाकात की और कृषि-प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डिजिटल बुनियादी ढांचे, नवोन्मेष और अंतरिक्ष के क्षेत्रों पर जोर देते हुए द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, उद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो के साथ आज सुबह सार्थक बातचीत हुई। 'मेड इन इटली' और 'मेड इन इंडिया' के अनुभवों को साझा किया। मुझे विश्वास है कि आज हमारी बातचीत से आर्थिक साझेदारी का दायरा बढ़ेगा।

इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर ने इटली में अपने समकक्ष ताजानी के साथ एक व्यापक व सार्थक बैठक की जिसके बाद दोनों देशों ने श्रमिकों, छात्रों तथा पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवाजाही व प्रवासन साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए।



नेपाल सेना के सदस्यों ने पश्चिमी नेपाल के जाजरकोट जिले में बचाव अभियान के दौरान घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाते हुए।

## कोहरा



नई दिल्ली में शनिवार को इंडिया गेट के पास घने कोहरे के बीच स्कूली बच्चे।

# सशक्त फिल्म का संदेश देता है 'इंडियन-2' का टीजर

मुंबई/एजेन्सी




कमल हासन (68) साउथ इंडियन सिनेमा के सुपरस्टार हैं। अपनी जबरदस्त अभिनय क्षमता के चलते उन्हें खास मुकाम मिला है। फैंस उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं। अब उन्हें चाहने वालों के लिए एक खुशखबरी है। वे 27 साल बाद अपनी फिल्म 'इंडियन' का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। इसको लेकर वे लंबे समय से सुर्खियों का हिस्सा हैं। फिल्म में एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। मेकर्स ने आज शुक्रवार (3 नवंबर) को 'इंडियन 2' फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया। कमल हासन की अगली फिल्म 'इंडियन-2' का टीजर रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को सुपरस्टार रजनीकांत ने ट्विटर पर फिल्म का टीजर लॉन्च किया। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'इंडियन इज बैक'। हालांकि, मेकर्स ने अभी भी इसकी रिलीज डेट को लेकर अनाउंसमेंट नहीं की है। उम्मीद है कि इसे अगले साल की शुरुआत में रिलीज किया जाएगा।

फिल्म के टीजर की शुरुआत वहां से होती है जहां फिल्म का फर्स्ट पार्ट इंडियन खत्म हुई थी। फिल्म में कमल के किरदार सेनापति/हिंदुस्तानी ने वादा किया था कि जहां पर अन्याय होगा वो वहां पर जरूर आएंगे और उन्होंने अपना वादा निभाया। टीजर में दिखाया गया है कि पूरा देश करप्शन से परेशान है और ऊशलरलज्ञखपवळरप नाम से एक डिजिटल मुहिम चल रही है। टीजर के लास्ट में हिंदुस्तानी वापस आ जाता है। इस वीडियो को 'इंडियन 2-एन इंट्रो' टाइटल दिया गया है। इसमें कमल कमाल लग रहे हैं और दमदार डायलॉग भी बोलते दिख रहे हैं। वीडियो की शुरुआत होती है अनिरुद्ध और कमल के नाम के साथ। जहां कमल इस फिल्म के मुख्य हीरो हैं तो वहीं अनिरुद्ध इसके म्यूजिक डायरेक्टर हैं। टीजर में आगे फोन की रिंग बजती है और कोई फोन उठाते हुए हैलो बोलता है। दूसरी तरफ कमल हैं, जो कहते हैं, जहां पर अन्याय होगा, वहां पर मैं जरूर आऊंगा। हिंदुस्तानी की मौत नहीं होगी। उसके बाद दिखाया जाता है कि लोगों के साथ कैसे अन्याय हो रहा है। टीजर में नजर आए रकुल-सिद्धार्थ

टीजर देखकर लगता है कि फिल्म में एक्टर सिद्धार्थ एक कॉमन मैन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। बॉबी सिम्हा, पुलिस ऑफिसर के रोल में नजर आए। प्रिया भवानी शंकर जर्नलिस्ट के रोल में दिखाई दे रही है। वहीं टीजर में कुछ सेकंड्स के लिए रकुल प्रीत सिंह की भी झलक मिली। काजल अग्रवाल नजर नहीं आईं। टीजर में एक गाना 'कमबैक इंडियन' भी है। टीजर में सिद्धार्थ, ब्रह्मानंदम, रकुलप्रीत भी दिखे। वैसे फिल्म में काजल अग्रवाल, एसजे सूर्या भी हैं।

# सलमान खान अभिनीत फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आएंगे ऋतिक

मुंबई/एजेन्सी



सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी अभिनीत आगामी फिल्म 'टाइगर 3' में शाहरुख खान की 'पठान' के साथ अब बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन अपने 'वॉर' के किरदार कबीर के साथ नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा आदित्य चोपड़ा ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के भीतर सुपर जासूसों के लिए काम शुरू कर दिया है। यह कोई नहीं जानता लेकिन पठान के साथ-साथ कबीर भी टाइगर 3 में दिखाई देंगे।'' उन्होंने कहा, मुट्ठी भर लोग जानते हैं कि आदित्य चोपड़ा टाइगर 3 में कबीर की कल्पना कैसे कर रहे हैं और इस जानकारी को गुप्त रखा जा रहा है ताकि इसका खुलासा तभी किया जा सके जब टाइगर 3, 12 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' की सफलता थी जिसने आदित्य चोपड़ा के इस विश्वास को मजबूत किया कि वह वॉर और पठान में के एजेंट को अपनी योजनाओं में शामिल कर सकते हैं। 'टाइगर 3' मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित है और यह 12 नवंबर को दिवाली के अवसर पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।



# वेब सीरीज 'चांद चकोर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/वार्ता

वेबसीरीज चांद चकोर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सच्ची घटना पर आधारित कहानी वाली रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह सीरीज एभीएन फिल्म्स ओटीटी पर 10 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म की कहानी बिहार की है और इसे हाजीपुर के महनार में शूट किया गया है।रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर के निर्माता रमेन्द्र कुमार सहनी हैं, जबकि सह निर्माता गीता कुमारी हैं और निर्देशक नीरज सिन्हा हैं। चांद चकोर में मनोज कुमार राव, स्मृति कश्यप, मनोहर तेली, सत्यम, रौशन आर्या, पिंकी सिंह, सरविंद्र कुमार, यादव विकास राज मुख्य भूमिका में हैं।

# 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के लिए साथ आए अरिजीत तनेजा एवं सृति झा

मुंबई/एजेन्सी।



सात साल बाद प्रेम कहानी 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के साथ अभिनेता अरिजीत तनेजा और सृति झा साथ आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी दोस्ती और ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में खुलकर बात की है। 'कुमकुम भाग्य' में साथ काम कर चुके सृति और अरिजीत असल जिंदगी में करीबी दोस्त हैं और उनके प्रशंसक इस दोस्ती के ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री में तब्दील होने का इंतजार नहीं कर सकते। एक असंभव प्रेम कहानी 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में सृति द्वारा अभिनीत अमृता और अरिजीत द्वारा जीवंत किए गए विराट की यात्रा को दर्शाया जाएगा। इस शो में दिखाया जाएगा कि कैसे एक चमकदार आंखों वाली, रोमांटिक मराठी मुलगी एक तेजतर्रार पंजाबी मुंडा से मिलती है, जो विवाह में विश्वास नहीं करता है क्योंकि वह सोचता है कि सभी महिलाएं 'गोल्ड डीगर्स' होती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए अरिजीत ने कहा, मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं, एक फिक्शन शो के लिए लगभग सात वर्षों के बाद सृति के साथ काम करना और फिर से जुड़ना अद्भुत लगता है। उन्होंने कहा, कुमकुम भाग्य' में एक साथ काम करने के बाद हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए और अब, हम 'कैसे मुझे तुम मिल गए' के साथ वापस आ गए हैं, इस बार हम एक-दूसरे के साथ हैं। मुझे पूरा यकीन है कि दर्शकों को मजेदार नोक-झोंक के साथ-साथ अमृता और विराट के बीच की केमिस्ट्री देखने में मजा आएगा।''

# फिल्म 'सब मोह माया है' ज़ी अनमोल पर दिखाई जाएगी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनव पारीक के निर्देशन में बनी यह फिल्म 18 नवंबर को सबसे पहले ज़ी अनमोल सिनेमा पर दिखाई जाएगी। अपने ब्रांड के बेमिसाल वादे 'आपकी फैमिली का सिनेमा हॉल' के साथ ज़ी अनमोल सिनेमा शानदार फिल्मों के साथ लगातार बेहतरीन मनोरंजन प्रस्तुत कर रहा है, जिसे देश भर के दर्शक बेहद पसंद करते हैं। यह चैनल हमेशा अपने दर्शकों को कमाल का अनुभव देने का प्रयास करता है और उन्हें हरदम ताजा सामग्री दिखाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही वजह है यह चैनल परिवारों के सबसे पसंदीदा चैनल के रूप में स्थापित हो चुका है। अपने इसी प्रयास में एक कदम आगे बढ़ते हुए ज़ी अनमोल सिनेमा ने शरमन जोशी और अन्नू कपूर अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सब मोह माया है' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जहां दर्शक अपने घरों में आराम से बैठकर इस फिल्म का मजा ले सकते हैं।

विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, दीपक दीवान और संपत सिंह राठौड़ के निर्माण में बनी 'सब मोह माया है' का निर्देशन नवोदित फिल्म निर्देशक अभिनव पारीक ने किया है, जो 18 नवंबर को सबसे पहले टीवी पर ज़ी अनमोल सिनेमा पर दिखाई जा रही है। सिनेमाघरों या ओटीटी पर आने वाली फिल्मों के चलन से आगे बढ़ते हुए, ज़ी अनमोल सिनेमा इस फिल्म के साथ सिनेमा के जादू को टेलीविजन स्क्रीन पर साकार करना चाहता है। 'सब मोह माया है' ज़िंदगी के उतार-चढ़ाव, नौकरी के संघर्ष और बाप-बेटे के रिश्तों को लेकर एक ताजगी भरी पेशकश है। शरमन जोशी ने सरकारी नौकरी की तलाश



में जुटे एक युवक का किरदार निभाया है। दूसरी ओर, प्रतिभाशाली एक्टर अन्नू कपूर ने एक ऐसे सरकारी कर्मचारी का किरदार निभाया है, जो जल्द ही रिटायर होने वाले हैं।

शरमन जोशी ने कहा, यह फिल्म कई मायनों में खास है। यह हास्य और जज़्बातों का संगम है जो दर्शकों के दिलों में घर कर जाएगी। 'सब मोह माया है' बेरोजगारी की कड़वी हकीकत बयां करती है और ये भी बताती है कि सरकारी नौकरी पाने के लिए एक इंसान किस हद तक जा सकता है। मेरे किरदार में ऐसे कई लोगों के संघर्ष और हताशा की झलक मिलती है जो काम की तलाश कर रहे हैं। लेकिन, अंत में यह मुक्ति की एक दिल छू लेने वाली कहानी है जो हमें परिवार की अहमियत बताती है और इस सफर में सीखे गए सबक का एहसास दिलाती है, जिसे बड़ी खूबसूरती से हास्य के जरिए दिखाया गया है।

अन्नू कपूर कहते हैं, ''एक एक्टर के तौर पर मैंने कई बार पिता की भूमिका निभाई है लेकिन यह उन सबसे बहुत अलग है। यह फिल्म बाप-बेटे के रिश्ते की उलझनों को उजागर करती है, जिसमें प्यार, संघर्ष और इसके साथ आने वाले बलिदानों को दर्शाया गया है। यह एक ऐसी कहानी है जो कई लोगों से जुड़ती है और मेरा किरदार, जो कि एक पिता है, उस अनकहे प्यार का आईना है जो मां-बाप अपने बच्चों से करते हैं। निर्देशक अभिनव पारीक ने कहा, ''सब मोह माया है' मेरी पहली फिल्म है और यह एक बेमिसाल अनुभव रहा। यह फिल्म इंसानी रिश्तों की उलझनों और एक परिवार के प्यार की झलक दिखाती है, जो कि हमेशा से पसंद किया जाने वाला विषय है। मैं एक ऐसी कहानी बनाना चाहता था जो न सिर्फ मनोरंजन करे बल्कि दर्शकों को ज़िंदगी में, खास तौर से परिवार के मामलों में, उनके द्वारा चुने गए विकल्पों पर भी सोचने पर मजबूर करे। फिल्म में हास्य और भावनाओं का संतुलन इसे एक अनूठा अनुभव बनाता है। मैं इस बात से रोमांचित हूं कि इस रिलीज़ के जरिए अब बड़ी संख्या में दर्शकों को कहानी से जुड़ने का मौका मिलेगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
चेन्नई | रविवार | 05-11-2023
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

आगम उसे कहते हैं, जो दोषों को घटाएं और गुणों को बढ़ाएं। परमात्मा की वाणी धन्य है। तीनों लोक में उज्वल है। यह वाणी देवलोक के सुख से भी अमूल्य है। हम देख रहे हैं देवभद्र और यशोभद्र जो संयम पथ पर बढ़ने की आज्ञा मांगते है। अपने माता-पिता से कहते है कि संसार के सुख नश्वर हैं हमें परम सुख को पाना है इसलिए हमें आज्ञा प्रदान कीजिए। हमें दीक्षा लेने दीजिए, यह भोग संसार का सुख क्षण मात्र के लिए हैं और बहुत काल तक दुख का कारण बनता है। आप मुझे संसार का आनंद लेने के लिए कह रहे हैं यह हमेशा हमें स्मरण रखना है कि जन्म मरण सबसे अधिक दुख का कारण है।



# जब भी दृष्टि उठाओ तो नजर रास्ते पर हो और लक्ष्य मोक्ष का रखो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के पुरुषवाक्कम के एएमकेएम में विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान महावीर स्वामी निर्वाण जाने से पहले मानव समाज को 48 घंटे तक उपदेश प्रदान किए प्रभु वीर की पावन पवित्र जिनवाणी भवी जीव को फरमा रहे थे। आज हम 24 व अध्ययन प्रवचन माता साधु के लिए पांच समिति तीन गुप्ती का वर्णन चलता है साधु के लिए यह अष्ट प्रवचन माता है। जिसके साथ हमें आठ माताएं हैं जिनकी सुरक्षा में साधु रहते हैं किसी भी चीज को अगर उठाकर रखना है तो सावधानी से विवेक के साथ रखना है। परमात्मा कहते हैं सोना है तो ऐसे सोया करो जैसे माता की गोद में सोते हो, बोलना है तो ऐसे बोलो कि दूसरों को अच्छा लगे, बैठे हो तो ऐसे बैठो जैसे माता की गोद में बैठे हो। पहले समिति क्रिया समिति जो साधु के लिए साढे तीन हाथ भूमि देखकर चलना चाहिए। ऊंट के जैसे ऊपर गर्दन करके नहीं जब भी दृष्टि उठाया तो नजर रास्ते पर हो और लक्ष्य मोक्ष का रखो। दूसरी समिति भाषा समिति कब बोलना कहां बोलना कैसे बोलना और किसे बोलना यह हमारी जिंदगी में आ जाए तो 18 प्रकार की भाषा वर्जित है। क्रोध, मान, माया और लोभ के वश झूठ बोलना नहीं। द्रोपदी ने दुर्योधन से कहा अंधे के बेटे अंधे होते हैं। अपनी इस कटुक वाणी के कारण अपने इस कटु शब्द के कारण महाभारत का युद्ध हुआ। जिसमें लाखों पशु और मनुष्य की हत्या हो गई। तीसरी समिति एसना समिति जिसमें आहार लेते समय ध्यान और सावधानी से गोचरी लेनी चाहिए। और उसमें दोष न लगे ऐसे विवेक के साथ गोचरी लेनी चाहिए 48 दोष टालकर गोचरी करनी चाहिए। जो भी साधक इन आठ प्रवचन माता के अनुसार चलेगा वह संसार को सीमित करते हुए कम से कम भव में मोक्ष को प्राप्त करेगा। यह जीव अनंत काल से चारों गति में परिभ्रमण कर रहा है नरक के घोर दुखों को तथा तिर्यंच के दुखों को कई बार भोग चुका है इसलिए अब हमें निर्णय करना है कि हमें तिर्यंच और नरक के द्वार को बंद करके देवलोक और मनुष्य गति में जन्म लेते हुए परम सुख को प्राप्त करना है।

जो भी भव्य आत्मा भगवान के कहे अनुसार चलेगा उसका यह भव और पर भव दोनों मंगलकारी होगा आनंदकारी होगा आज कई तपस्याओं के प्रत्याखयान हुए यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।

# अपेक्षा की उपेक्षा करनी चाहिए : देवेंद्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पूज्य आचार्य श्री देवेंद्रसागरसूरिजी ने कहा कि आज व्यक्ति का जीवन इतना जटिल हो गया है कि तनाव के कारण खुशी के दो पल भी अपने लिए निकालना कठिन हो चुका है। इसका एक कारण यह भी है कि हमने खुशी, सुरक्षा, आश्रय सबकी अपेक्षा दूसरों से या बाह्य जगत से कर रखी है। इसलिए अधिकतर लोगों के दर्द की मूल वजह अपेक्षा ही है। अपेक्षाओं के कई रूप होते हैं। फिर भी इंसान इनकी पूर्ति का प्रयास करता रहता है। खुश रहने के दो ही रास्ते हैं- अपनी सच्चाई पर विश्वास रखें और अपेक्षाओं में कटौती करें। अपेक्षा करें, लेकिन अपने आप से। अपेक्षाओं का निर्धारण अपनी सीमाओं में रहकर करें, दृढ़प्रतिज्ञ हो जाएं। दरअसल हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती एक व्यक्ति को उसके मूल स्वभाव और रूप में स्वीकार करने की होती है। जिस क्षण हमें यह आत्मबोध हो जाएगा कि हमारी अपेक्षाएं लोगों में परिवर्तन नहीं ला सकतीं, तो कोई



आकांक्षा ही नहीं रहेंगी, क्योंकि स्थिति विकट तभी होती है, जब अपेक्षाएं पूर्ण न हों। इसीलिए अपेक्षाओं की उड़ान कभी अप्रत्याशित, अव्यावहारिक या असाध्य नहीं होनी चाहिए। ऐसे में हमें पहले से ही तय कर लेना चाहिए कि हम क्या चाहते हैं और अमुक वस्तु को प्राप्त करने से क्या लाभ मिलेगा, ऐसा करने से हमें वास्तविक इच्छाओं और क्षणिक चाहतों के बीच का अंतर समझने में आसानी होगी। अपेक्षाओं से मुक्त होने के लिए आवश्यक है अपने निर्णय का उत्तरदायित्व समझदारी से लेना होगा। अहंकार अपेक्षाओं को जन्म देता है। हम जिस भाव को लेकर जीते हैं, यदि वह पूरा नहीं होता तो मन उदास हो जाता है। जो करना है, स्वयं करना है। इसके लिए दृढ़ प्रतिज्ञ हो जाएं, किसी अन्य के सहयोग की अपेक्षा न करें। आप किसी से अपने समान किसी कार्य के प्रति समर्पण की अपेक्षा नहीं कर सकते। अपने को कमजोर न समझें, अपने आप को पहचानें। आज समाज, परिवार और हर जगह अपेक्षाओं की भरमार है। मां-बाप, पिता-पुत्र, पति-पत्नी, भाई-बहन, बॉस-अधीनस्थ हर एक को दूसरे से अपेक्षाएं रहती हैं। पारिवारिक विघटन इन्हीं अपेक्षाओं की देन है। क्रोध, चिड़चिड़ापन, तनाव अपेक्षाओं के कारण बढ़ते जा रहे हैं। आत्महत्याओं के कारण के मूल में भी अपेक्षाएं ही होती हैं। आत्मविश्वास की कमी, नकारात्मक सोच में वृद्धि करती है, जो कुंठाओं को जन्म देती है। इसीलिए अपेक्षा की उपेक्षा करनी चाहिए।

# जयेश भवानी शंकर दवे संगठन सचिव मनोनीत किए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज चेन्नई के कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा समाजसेवी जयेश भवानी शंकर दवे को अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर द्वारा युवाओं की भागीदारी सुरक्षित करने हेतु संगठन सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। श्री दवे चेन्नई में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय युवा कार्यकर्ता है साथ ही पूजा अनुष्ठान और पुरोहित का कार्य करते हैं। उनके मनोनयन से श्रीमाली ब्राह्मण समाज चेन्नई में हर्ष है।

# चार शरणागति स्वीकार करने से कर्म के फल हल्के होते हैं : आचार्य उदयप्रभसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि अपने हित की बात सुनकर उसे स्वीकार कर लेनी चाहिए। इसके लिए कुछ बलिदान भी करना पड़े तो वह कर लेना चाहिए। आज की स्थिति यह है कि हम केवल सुख की बात स्वीकार करते हैं, हित की बात को नहीं। आप यदि सुनेंगे तभी स्वीकार करेंगे, स्वीकार करेंगे तभी आचरण में लाएंगे। उन्होंने कहा कर्मोदय का असर हमारे ऊपर पड़ता है, तब हम दुःखी होते हैं। आत्म शरणागति और परमात्म शरणागति से कर्म के फल हल्के होते हैं। उस समय अरिहंत, सिद्ध, साधु, धर्म, इन चार की त्रिकाल शरणागति लेनी चाहिए। इससे कर्मों के नए अनुबंध भी बंद हो जाते हैं। जब हमारे पास दुःख आता है तो यह समझना कि कर्मसत्ता ने छोटा दुःख दिया है, बड़े दुःख को रोक लिया है। उन्होंने कहा प्रभु कभी दुःख देते नहीं हैं, वे दुःख का निवारण करते हैं।

उन्होंने कहा जब अरिहंत की शरणागति लो, उस समय अरिहंत के वैभव, उपकार, और सद्गुणों को अपने हृदय में देखना है। जब तक प्रभु की भक्ति करते-करते प्रभु के गुणों का स्पर्श नहीं होता, तब तक आत्मा में अध्यात्म की क्रांति नहीं आती। अध्यात्म की ऊर्जा अंदर की आत्मा से प्रकट होती है। आकर्षण आदि बाहर से प्रकट होते हैं। परमात्मा के समवसरण में बैठने मात्र से व्यक्ति के मन में मिथ्यात्व के अंश एवं संशय दूर हो जाते हैं। परमात्मा के सद्गुण का मतलब है परमात्मा की शक्ति का विनियोग। धर्म यानी क्रिया, कर्तव्य, व्यवहार, स्वभाव। वस्तु का स्वभाव धर्म है। मात्र मिट्टी के अंदर अनंत धर्म है। तप करना आदि व्यवहार धर्म है। जहां पर धर्म की कुछ फॉर्मेट दिखती है, वह क्रिया है। क्रिया की शोभा व्यवहार से है और व्यवहार की शोभा स्वभाव से है। उन्होंने बताया कि धर्म पांच प्रकार के होते हैं दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और उपचार यानी औपचारिक धर्म। औपचारिक धर्म सर्वश्रेष्ठ धर्म है, इससे भी पुण्य अर्जित होता हैं। गुरुतत्व परमात्मतत्व की अपेक्षा से भी बड़ा है। परमात्मसेवा के लक्ष्य का मार्ग गुरुसेवा से शुरू होता है।

उन्होंने कहा हमारे अंदर परोपकार करने की भी कला होनी चाहिए। साधु की हर चर्या में वह अपना स्वभाव समान ही रखता है। स्वभाव ही साधु का धर्म है। ज्ञानी कहते हैं यदि आप व्यवहार धर्म तक सीमित रह जाओगे, तो स्वभाव धर्म को कब पाओगे? स्वभाव धर्म की प्राप्ति के बाद ही मोक्ष की सीढ़ी पर कदम रख पाएंगे।

मुनि धन्यप्रभ विजयजी ने कहा कि हम दूसरों के लिए जो भी खराब लिखते हैं, विचारते आते हैं, बोलते हैं, वह सभी कई गुना बनकर हमको खराब फल देते हैं। इसलिए हमें विचार को निर्मल बनाना है, वचन को मधुर बनाना है और व्यवहार को औचित्य वाला बनाना है। यदि हमें भविष्य को वरदानस्वरूप और उज्ज्वलमय बनान है तो हमारे उपकारी माता, पिता, गुरु की कही हुई हित की बातों को स्वीकार करना होगा।

# कर्मों से ही आत्मा का उद्धार होगा : महासती धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। कर्म जीवन का आधार है और आत्मा का श्रृंगार है। कर्मों से ही आत्मा का उद्धार संभव है। शनिवार को साहुकारपेट जैन भवन में महासती धर्मप्रभाजी न. कहा कि विचारों पर नियंत्रण रखो, नहीं तो वे तुम्हारा कर्म बन जाएंगे और अपने कर्मो पर तुमने नियंत्रण नहीं रखा तो ये भाग्य बनकर तुम्हारी आत्मा को संसार मे अटका देगें। इस सृष्टि में कोई भी व्यक्ति बिना कर्म किए नहीं रह सकता है। चाहें विचारों के माध्यम से हो या क्रिया के द्वारा जीव-जंतु हों या मनुष्य, कोई भी अकर्मण्य नहीं है और न ही कर्म किए बिना रह सकता। क्योंकि कर्म ही सब कुछ है। ये कर्म ही हमारे जीवन की दिशा और दशा तय करता है। जो मनुष्य कर्मयोग की कला को जानकर कर्म करता है वही व्यक्ति संसार से अपनी आत्मा को मुक्ति दिला पाएगा। साध्वी स्नेहप्रभा भगवान महावीर कि अंतिम दिव्य देशना श्रीमद उत्तराध्ययन सूत्र के बाईसवें और तेहिसवें अध्याय रहनेमिज्यं एवं सिमोयमिज्ञं पाठ का वर्णन करते हुए कहा कि जो मनुष्य अपने मन पर विजय पा लेता है वही अपनी इन्द्रियो और आत्मा को वश में करके संसार को जीत सकता है।

# कविता लेखन स्पर्धा में प्रणत धींग प्रथम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। भारत के चंद्रयान मिशन-3 की सफलता के उपलक्ष्य में पिछले माह जैन कवि संगम, तमिलनाडु ने चंद्रयान अथवा चंद्रमा विषय पर कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की। अध्यक्ष एम. गौतमचंद बोहरा के अनुसार इस प्रतियोगिता में डीजी वैष्णव कॉलेज के बीबीए तृतीय वर्ष के छात्र प्रणत धींग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता संयोजक राजेश सुराणा ने बताया कि 19 नवम्बर, रविवार को किलपॉक स्थित कोला सरस्वती विद्यालय सभागार में आयोजित ज्योति कलश' कवि गोष्ठी में प्रणत को पुरस्कृत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रणत को कवि डॉ. दिलीप धींग की अनेक कविताएँ कंठस्थ हैं तथा उन्होंने अनेक कार्यक्रमों में प्रभावी प्रस्तुति दी है। अगरचंद मानमल जैन कॉलेज में होने वाली राज्यस्तरीय संस्कृत भक्तामर स्तोत्र पाठ प्रतियोगिताओं में भी प्रणत को कई बार पुरस्कार मिले।



# ब्रह्मचर्य साधक जीवन की अमूल्य धरोहर है : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि उत्तराध्ययन सूत्र का संगाहन चल रहा है। उत्तराध्ययन सूत्र का चौदहवां अध्ययन है असुयरिज्जं और इषुकारीय। इस अध्ययन में राजा इषुकार महारानी कमलावती, भृगु पुरोहित, यशा, दो पुत्रों के जीवन के चरित्र का चित्रण किया गया है। अतीत जीवन के सुदृढ़ संस्कार वर्तमान के सघन आवरण को एक क्षण में नष्ट कर देते हैं और आवरण नष्ट होते ही भृगु पुरोहित का जीव साधु के पावन पद को स्वीकार कर लेते हैं । जब हृदय विरक्त हो जाता है तो उसकी प्रवज्या के लिए शरीर, उम्र परिवार, स्वजन कोई भी बाधक नहीं बन सकता। जो रात्रियां बीत जाती है वह लौटकर नहीं आती है जिसने धर्म किया है उनकी रात्रियां सफल हो जाती है। पंद्रहवा अध्ययन है सभिक्षुक अर्थात श्रमण भिक्षुक। भिक्षु का कठोर असिधारा व्रत उच्च स्तर की जागृति, ऋजुता, मृदुता, तितिक्षा, तप आदि गुणों से युक्त होता है। श्रमण भिक्षु उपसर्ग परिषह सब सहन करते हैं। स्वाध्याय के साथ संयम की पालना करते हैं।

सोलहवां अध्ययन है ब्रह्मचर्य समाधि। सभी प्रकार के तपों में, व्रतों में ब्रह्मचर्य को उत्तम कहा गया है। ब्रह्मचारी देवों द्वारा वंदनीय है। ब्रह्मचर्य साधक जीवन की अमूल्य निधि है।

इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी एवं अनुज्ञाश्रीजी ने मूल उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय करवाया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास कार्यक्रम संबंधी सूचनाएं दी। साध्वी प्रियंगीश्रीजी की 14 उपवास की तपस्या गतिमान है। स्वाध्याय के लाभार्थी पारसमल विनीतकुमार श्रीश्रीमाल परिवार तथा जीवराज अरिहंत बोंरदिया परिवार थे। सहमंत्री विनोद भूरट ने संघ की सूचनाएं प्रदान की।

### राजस्थान विधानसभा चुनाव :

# प्रवासियों द्वारा बैठक एवं पीले चावल आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। बाड़मेर जिले की गुड़ामालानी विधानसभा के प्रवासियों द्वारा चेन्नई में एक बैठक का आयोजन किया जारहा है। प्रवासी हिंगलाजदान चारण आकली ने बताया कि इस दौरान गुड़ामालानी विधानसभा के प्रवासी चेन्नई तिरुवल्लूर सहित कांचीपुरम जिले के सभी प्रवासी शामिल होंगे। बैठक में चौखाराम सुथार विधानसभा में वोट मतदान हेतु राजस्थान आने के लिए पीले चावल दिये जाएंगे। रविवार दोपहर में कोंडीतोप के 129, अम्मन कोयल स्ट्रीट में होने वाली इस बैठक में रतनलाल जैन सुरेश जैन भुराराम जाट अमृतलाल कोठारी जगदीश तेजाराम सुथार आदि मौजूद रहेंगे।



# हमेशा साथ हूँ व आगे भी साथ रहूंगा : अविनाश गहलोत

## मैसूरु के प्रवासियों से किया मतदान का निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। राजस्थान के पाली जिले की जैतारण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार अविनाश गहलोत के आगमन पर एक बैठक का आयोजन हलदकेरी स्थित कर्नाटक सीरवी समाज आईमाता मंदिर में रखी गई।

विधायक ने आईमाता मंदिर में पूजा अर्चना की। समाज के सदस्यों द्वारा गेहलोत का सम्मान किया गया। इस दौरान गेहलोत ने प्रवासी लोगों से अपील करते हुए कहा की ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आगामी 25 नवम्बर के दिन राजस्थान पहुँचकर भाजपा के पक्ष में मतदान करे।

गहलोत ने कहा कि मैं हमेशा आपसी सेवा के लिए तत्पर हूँ और आगे भी आपके साथ रहूंगा। विधायक ने गत पांच वर्षो के विकास कार्य की जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर कर्नाटक सीरवी समाज के अध्यक्ष अंबाराम मुलेवा, सचिव राजेंद्र हाम्बड़, कोटवाल हेमाराम मुलेवा, जाट समाज से प्रकाश ढाका, माली समाज से ओमप्रकाश माली, कुमावत समाज से ओमप्रकाश पिलोदिया, जैन समाज से हँसराज पगारिया, कांतिलाल पटवारी, मैसूरु जीतो से गौतमचंद सालेचा, कांतिलाल चौहान, विष्णु समाज से चन्द्रसिंह राजपुरोहित,मैसूरु करणी सेना के अध्यक्ष कृपालसिंह महेचा, चेतबन्दे पत्रिका के संपादक प्रेम किशोर बर्फा,बगदाराम मावर, बाबूलाल पालरिया आदि मौजूद रहे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### मानवसेवा

बेंगलूरु माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दीपावली के अवसर पर मानव सेवा कार्यक्रम के तहत कुमारा पार्क स्थित मातृश्री मनोविकास केन्द्र के 51 बच्चों को भोजन करवाया तथा जरुरत की सामग्री आदि भेंट की। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष श्वेता बियाणी, सचिव निर्मला काँकाणी के साथ ही बिन्दु गिलड़ा, नीरा लड्ढा, बिमला साबू, प्रकाश मूंदडा आदि उपस्थित रहीं।

# मां की ममता और पिता की क्षमता दुनिया में सबसे महान है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि हर आदमी जब दुनिया में आता है और पहली बार अपना मुंह खोलता है तो एक ही महान शब्द निकलता है मां। हम सब बड़े सम्मान के साथ बोलते हैं वह शब्द है मां। जिसने तीर्थंकरों को जन्म दिया। आत्मा, महात्मा, परमात्मा भी बोलेगे तो आखिर में मां ही आएगा। सोचो अगर मां न होती हजार लोग मिलकर भी एक मां की कमी पूरी नहीं कर सकते, पर एक मां हजारों की कमी पूरी कर सकती है।

मां की ममता और पिता की क्षमता दुनिया में सबसे महान है। अगर संतों की भी इस दुनिया में बानगी है और संत इस धरती पर चल रहे हैं तो उन्हें इस दुनिया में लाने वाली मां ही है। महावीर अगर शुरू होते हैं तो 'म से शुरू होते हैं । मां को किया गया प्रणाम आत्मा को, महात्मा को, परमात्मा को किया प्रणाम है। जो व्यक्ति सुबह उठकर अपने माता-पिता की वंदना-परिक्रमा कर लेता है उसका कल्याण होता है।

# सिवांची ओसवाल संघ का दीपावली स्नेह मिलन आज

बेंगलूरु। शहर के सिवांची ओसवाल जैन संघ का दीपावली स्नेह मिलन आज रविवार को मैसूरु रोड स्थित कुम्बलगुड के तुलसी चेतना केन्द्र में आयोजित किया गया है। संघ के राजेन्द्र गुलेच्छा से बताया कि इस स्नेह मिलन में सुबह 10.30 बजे सत्कार कार्यक्रम, सिवांची ऍप लॉच, सिवांची भवन की विशेष घोषणाएं व लाभार्थी परिवार का सम्मान होगा।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.